हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 2 नवंबर 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]

# देवउठनी...देर शाम तुलसी विवाह के बाद पूजा-अर्चना, आज भी मनेगा पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देव उठनी एकादशी पर्व तुलसी विवाह के साथ ही अंचल में मांगलिक शहनाईयों की गूंज शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही शुभ कार्यों के आयोजनों की श्रृंखला भी शुरू जाएगी। गांव-गांव में उत्सव और मंडई मेले का आयोजन प्रारंभ कर दिया जाएगा। पर्व के साथ ही बाजार में फिर रौनक बना रहेगा।

देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह पर्व को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति रही। कई लोगों ने आज जहां घर-आंगन में तुलसी चौरा की साफ-सफाई व सजावट कर गन्ने का मंडप बनाकर विधि-विधान से सपिरवार पूजा-अर्चना की। वहीं बड़ी संख्या में लोग कल रविवार को देवउठनी एकादशी पर्व मनाने की तैयारियों में है।

## दो दिन एकादशी होने से भ्रम में रहे लोग, आधे ने शनिवार को मनाया पर्व, बाकी आज करेंगे पूजा-अर्चना

### वैवाहिक मुर्हूत शुरू

पंचाग के मुताबिक देवउठनी पर्व के साथ ही नवंबर माह में वैवाहिक मुहूर्त 22, 23, 24, 25, 29 व 30 तारीख को एवं दिसंबर माह में 1, 4, 5, 6 व 10 तारीख को शुभ वैवाहिक मुहूर्त है। अंग्रेजी का नववर्ष प्रारंभ होते ही जनवरी से भी लगातार वैवाहिक मुहूर्तों का क्रम बना रहेगा। जिससे बाजे-गाजे एवं मांगलिक शहनाईयों की गूंज के साथ ही बारात, पार्टी के आयोजनों का लगातार क्रम बना रहेगा। लोगों में व्यस्तता का आलम रहेगा। देवउठनी एकादशी के साथ ही लोगों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।



### बाजार में बढ़ी रौनक

पर्व को लेकर बाजार सहित चौक-चौराहों में पूजा-अर्चना की सामग्रियों के अलावा गन्नों की बड़ी संख्या में दुकानें दो दिन पूर्व से ही सजी हुई है। जिसकी जमकर खरीदी की गई। बाजार में सुबह से लेकर देर शाम तक पूजा सामग्रियों की खरीदी के लिए चहल-पहल बना रहा। वहीं अब बाजार में आने वाले दिनों में वैवाहिक आयोजनों को देखते हुए और भी चहल-पहल बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। बाजार में दिवाली के बाद फिर रौनक बनी रहेगी।

### विधि-विधान से पूजा-अर्चना

हिन्दू धर्म में पर्वों की श्रृंखला में देवउठनी एकादशी का विशेष महत्व माना गया है। ऐसी मान्यताएं हैं कि देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार महीने की योग निंद्रा से जागते हैं, जिसे देव प्रबोधनी एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन बड़ी संख्या में लोग भगवान विष्णु एवं मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। भगवान विष्णु के स्वरूप शालीग्राम से तुलसी माता का विवाह रचाकर मंगल कामना करते हैं। देवउठनी एकादशी पर्व पर मंदिरों में भी विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही चातुर्मास का भी समापन हो गया। अंचल में मांगलिक वैवाहिक आयोजनों का क्रम शुरू हो गया है।

---

**खबर संक्षेप**

### रेलवे स्टेशन में गूंजा राजकीय गीत, सम्मान में खड़े हुए लोग



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रजत जयंती वर्ष प्रदेशभर में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। स्थानीय रेलवे स्टेशन में आज सुबह राजकीय गीत अरपा पैरी के धार गूंजते ही स्टेशन पर मौजूद लोग इसके सम्मान में खड़े हो गए। इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना का रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है।

वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश से पृथक होकर अस्तित्व में आया था। जिसके 25 वर्ष पूरे होने पर राज्य उत्सव को लेकर लोगों में काफी हर्ष है। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य उत्सव के अवसर पर 1 नवंबर को प्रदेश के सभी रेलवे स्टेशन में राजकीय गीत बजाने निर्देशित किया गया था। जिसके तहत आज स्थानीय रेलवे स्टेशन में अनाउंसमेंट स्पीकर से राजकीय गीत गूंजने लगा। राजकीय गीत के बजते ही स्टेशन पर मौजूद यात्री इसके सम्मान में खड़े हो गए। राजनांदगांव रेलवे स्टेशन प्रबंधक आरके बर्मन ने कहा कि रेलवे के माध्यम से राजकीय गीत बजाने के लिए गाईड लाइन प्राप्त हुआ था । जिसके तहत आज स्टेशन पर राजकीय गीत बजाया गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस को लेकर सभी में उत्साह है।

### देवांगन समाज का दीपावली मिलन आज

**राजनांदगांव।** मोतीपुर स्थित सामाजिक भवन मोतीपुर में इकाई देवांगन समाज का दीपावली मिलन समारोह रविवार को होगा। इसके बाद आम बैठक भी होगी। इसमें आगामी वर्ष कुलदेवी मां परमेश्वरी जयंती की तैयारी व रणनीति को लेकर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम शाम छह बजे शुरू होगा। इकाई के प्रचार प्रभारी दिनेश देवांगन (दीनू) से सभी स्वजातिय बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है।

---

## उद्घाटन के डेढ़ महीने बाद संचालन शुरू, 48 प्रकार की होगी जांच

# पहले दिन सिटी स्कैन से कोई जांच नहीं टेस्ट के लिए लगेंगे 5 सौ से 8800 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगभग 12 करोड़ की लागत से खरीदी गई सिटी स्कैन मशीन उद्घाटन होने के डेढ़ महीने बाद आनन-फानन में शनिवार से राज्य गठन के 25वें वर्षगांठ के अवसर पर शुरु कर दिया गया है। हालांकि अचानक लिए गए निर्णय के चलते पहले दिन किसी भी मरीज की जांच नहीं हो पाई। जबकि अस्पताल सूत्र के अनुसार शनिवार को कुछ मरीजों को जांच के लिए प्राइवेट लैब भेजा गया था।

बताया गया कि प्रदेश की सर्वाधिक आधुनिक इस सिटी स्कैन मशीन के जरिये कुल 48 प्रकार की जांच हो पाएगी। ज्ञात हो कि प्रदेश की यह पहली 128 स्लाइस वाली सिटी स्कैन मशीन है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जिला अस्पताल में सिटी स्कैन की सुविधा थी, लेकिन बीते साल बारिश के दौरान मशीन में पानी भरने से यह खराब हो गई थी। एक साल बीतने के बाद भी मरम्मत नहीं हो सकी। जिससे मरीजों को निजी सेंटरों का सहारा लेना पड़ रहा है। ऐसे में लगातार जनता की तरफ से सिटी स्कैन मशीन की मांग हो रही थी, जिसे पूरा करते इस साल ही जून महीने में मशीन की खरीदी की गई और 6 सितंबर को इसका उद्घाटन विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा किया गया था। उस दौरान यह भी बताया गया था कि जल्द ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 30 करोड़ की लागत वाली एमआरआई मशीन भी लगाई जाएगी।

**खास बातें**

- निजी लैब से तीन गुना तक कम दर
- 30 करोड़ की लागत से आएगी एमआरआई मशीन
- कई जिले के लोगों को मिलेगी सुविधा



### जांच के लिए यह दर तय

प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार जांच के लिए न्यूनतम 500 और अधिकतम 8800 रुपए की दर तय की गई है। बताया गया कि सिटी स्कैन एफएनएसी के लिए 500, सिटी स्कैन सर व दिमाग के लिए 670, पूरे शरीर के सिटी स्कैन के लिए 8800, सिटी स्कैन छाती के लिए 2565, सिटी स्कैन पीएलएस प्लेन के लिए 800 रुपए तय किए गए है। यह भी बताया गया कि आयुष्मान कार्ड धारको से जांच के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। वहीं आईपीडी में बीपीएल कार्ड धारकों से शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**कंपनी से दो साल का अनुबंध :** मिली जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगाई गई सिटी स्कैन मशीन का संचालन शुरूआती दौर पर कंपनी द्वारा ही किया जाएगा। बताया गया कि मशीन इंस्टॉल करने वाली कंपनी से दो साल का अनुबंध किया गया है। जिसके तहत वही ट्रेंड टेक्नीशियन मशीन को ऑपरेट करेंगे। अस्पताल प्रबंधन भविष्य में टेक्नीशियन की भर्ती प्रक्रिया भी शुरू करेगा।

### एडवांस मशीन, शुल्क रहेगा कम

प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार इस मशीन के जरिये शासकीय दर पर कुल 48 प्रकार की जांच हो पाएगी। मशीन की खासियत है कि एडवांस मॉडल होने से मरीजों की छोटी सी छोटी तकलीफ एवं बीमारी जो अन्य सिटी स्कैन मशीनों से पकड़ में नहीं आती, वह भी आसानी से सामने आएगी। मरीजों को निजी अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। मेडिकल स्टुडेंट्स को भी इसका फायदा मिलेगा। लंबे समय से इसे लेकर परेशानी थी।

### आधा दर्जन जिले को मिली राहत

सिटी स्कैन मशीन न केवल राजनांदगांव के मरीजों के लिए, बल्कि आसपास के करीबन आधा दर्जन जिलों के लोगों के लिए भी लाभकारी साबित होगी। मोहला-मानपुर-चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, भानुप्रतापपुर और बालोद के लोग भी इस मशीन की सुविधाएं इस्तेमाल कर पाएंगे। इससे पहले मरीजों को महंगे निजी डायग्नोस्टिक केंद्रों पर जाना पड़ता था, अब वे सरकारी अस्पताल में उचित दामों पर बेहतर सेवा पा सकेंगे।

---

# महाराष्ट्र से शराब लाकर बिक्री, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र से लाकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपियों से शराब बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 31 अक्टूबर को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा बिक्री कर रहा है, जिस पर थाना डोंगरगांव की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताए व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर आरोपी द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी अजय बोरकर के कब्जे से अवैध रूप से रखे कुल 40 पौवा देशी दारू प्रीमियम डिलक्स सुपर संत्रा महाराष्ट्र निर्मित कीमती 3200 रुपए व बाइक एवं आरोपी मदनलाल निर्मलकर के कब्जे से अवैध रूप से रखे कुल 32 पौवा देशी दारू प्रीमियम डिलक्स सुपर संत्रा कीमती 2560 रुपए को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया।

### चिखली में भी पकड़ाए कोचिए

चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में 31 अक्टूबर को शराब बिक्री हेतु एक्टिवा में परिवहन कर ले जाने के संबंध में सूचना के आधार पर एक्टिवा को चिखली शासकीय प्रेस के पीछे रूकवाकर तालाशी लेने पर आरोपी राकेश साहू 25 साल ग्राम परसाडीह जिला बालोद एवं योगेन्द्र साहू 23 साल सिंघोला भाठागांव के कब्जे से स्कूटी के डिक्की में 7 बाटल गोल्डन गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब कीमती 3360 रुपए बरामद होने पर वाहन एक्टिवा को जब्त कर दोनों आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। इसी तरह घटनास्थल दीनदयाल नगर चिखली में अवैध रूप से शराब बिक्री करते आरोपी कुशल यादव 18 साल शंकरपुर को रंगे हाथ पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 10 पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब कीमती 1200 रुपए को जब्त किया एवं घटनास्थल ग्राम गठुला से भेड़ीकला मार्ग में आरोपी सुमीत पारधी 23 बोईरडीह के कब्जे से 16 देशी प्लेन शराब कीमती 1280 रुपए एवं बिक्री रकम 330 रुपए को जब्त कर दोनों आरोपी के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया।

---

# कार्तिक पूर्णिमा पर तीन दिवसीय मोहारा मेला की तैयारियां शुरू, सजने लगे झूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के शिवनाथ नदी तट मोहारा में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर तीन दिवसीय मोहारा मेला का आयोजन किया जाना है, जिसे लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। जिले के सबसे बड़े इस मेले को लेकर व्यापारियों सहित रहवासियों में भी उत्साह का माहौल है। शिवनाथ नदी तट मोहारा में इन दिनों तीन दिवसीय मेले को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है।

मेला स्थल में प्रवेश मार्ग को भी व्यवस्थित बनाया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य वर्तमान में जारी है। इसके अलावा रौशनी सहित अन्य व्यवस्थाओं पर भी नगर निगम द्वारा ध्यान दिया जा रहा है। गत दिवस मेला स्थल में तैयारियों को लेकर शहर के महापौर मधुसूदन यादव भी पहुंचे थे, जिन्होंने यहां पहुंचने वाले लोगों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान रखने सहित पर्याप्त साफ-सफाई के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

### सजी दुकानें, स्थान निर्धारित

इधर मेले से लगभग 15 दिन पूर्व से ही दूर-दराज से यहां व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों ने भी अपनी-अपनी प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी थी। इन दिनों मेला स्थल पर कतारबद्ध तरीके से छोटे-बड़े झूले लगाए जाने का कार्य व्यवसायियों द्वारा किया जा रहा है। वहीं मेला स्थल पर मार्ग निर्माण का कार्य भी अंतिम चरण पर है। इसके अलावा मेला स्थल पहुंच मार्ग से लेकर भीतर तक दुकानें सजाने के लिए व्यवसायियों ने चूना से मार्किंग कर अपने-अपने लिए स्थान निर्धारित कर लिए हैं।

### कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ेगी भीड़

बताया गया कार्तिक पूर्णमा पर लगने वाले उक्त तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ 4 नवंबर को होगा। मेला 4, 5 व 6 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने की तैयारियां की जा रही है। ज्ञात हो कि मोहारा मेला का आयोजन वर्षों से किया जाता आ रहा है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन भोर के समय से ही यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा स्नान कर नदी में दीपदान व पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं और मेले का आनंद उठाते हैं। मोहारा मेला का इंतजार ना सिर्फ जिले के रहवासियों को, बल्कि प्रदेश के अन्य स्थानों पर रहने वालों को भी बना रहता है। बहरहाल मेला स्थल पर तैयारियां जोर-शोर से जारी है।

---

# कारगिल और ऑपरेशन सिंदूर में शामिल जवान सेवानिवृत्ति, घर लौटने पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भारतीय सेना में 34 साल अपनी सेवाएं देने के बाद आज शहर के निवासी विनोद रजक सेवानिवृत होकर अपने घर लौटे। इस दौरान उनका शहर के रेलवे स्टेशन में भूतपूर्व सैनिकों, परिजनों और स्थानीय देशप्रेमी जनता द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

भारतीय सेना में असम, नागालैंड, जम्मू कश्मीर, राजस्थान सहित कई क्षेत्रों में अपनी सेवाएं पूरी कर लौटे लेफ्टिनेंट विनोद रजक वर्ष 1991 में देश सेवा के जज्बे के साथ भारतीय सेना में शामिल हुए थे। आज 34 साल की सेवा पूरी कर वह रिटायर्ड हो गए हैं। इस दौरान वह वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध और वर्ष 2025 के ऑपरेशन सिंदूर में भी शामिल रहे। इन दोनों युद्ध में लगभग 26 साल का फासला और इसमें आए बदलाव को लेकर रिटायर्ड लेफ्टिनेंट विनोद रजक ने कहा कि अब भारतीय सेना अत्याधुनिक हथियारों से लैस हो गई है। पहले और अब में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर जैसी योजना काफी बेहतर है। जिसमें हर युवाओं को शामिल होना चाहिए। लेफ्टिनेंट विनोद रजक के सेना से लौटने पर वार्ड और गणमान्य नागरिकों सहित अन्य लोगों द्वारा बाजे-गाजे के साथ जुलूस निकालकर शहर का भ्रमण करते वह घर पहुंचे। इस दौरान भारतमाता की जयघोष के नारे लगते रहे।

**युवाओं को करेंगे प्रोत्साहित :** रिटायरमेंट बाद लौटे लेफ्टिनेंट विनोद ने कहा कि अब वह अन्य युवाओं को भी सेना में जाने प्रेरित करने की दिशा में कार्य करेंगे। वही स्थानीय लोगों द्वारा उनके लौटने पर हुए स्वागत को लेकर उन्होंने सभी का आभार जताते कहा कि 34 साल पहले जब सेना में शामिल हुआ था, तो इसी तरह स्वागत करके यहां के बेटे को देश की रक्षा के लिए भेजा गया था। वहीं अब वापस लौटने पर भी उसी उत्साह से स्वागत किया गया है। जिससे मैं अभिभूत हूं।

---

## वार्डवासियों ने कहाः पानी दूषित, आ रही बदबू, निगम नहीं देता इस पर ध्यान

# पूर्व पार्षद ने वार्ड में डायरिया फैलने का लगाया आरोप निगम और स्वास्थ्य महकमे ने कहाः हालात सामान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में बीते एक पखवाड़े से पीलिया और डायरिया के मामले सामने आ रहे हैं। कई लोग इससे पीड़ित हैं, जो घर पर ही रहकर इलाज करा रहे हैं। वहीं कुछ मरीजों को अस्पतालों में भी भर्ती कराया गया है। मौसम के विपरीत प्रभाव के साथ ही बीते कुछ दिनों से शहर के कई वार्ड में नलों से आ रहे गंदे पानी की वजह से इसका असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। वहीं कुछ क्षेत्रों में जल भराव और गंदगी फैली हुई है। बीते दिनों शहर के रामनगर, सहदेव नगर क्षेत्र में कुछ लोगों को पीलिया और डायरिया के लक्षण सामने आए थे। वहीं अब शहर के बसंतपुर में वार्ड नंबर 42 और 43 में पीलिया व डायरिया फैला हुआ है। इस वार्ड में लगभग 15 दिनों से गंदे पानी आने की शिकायत भी सामने आ रही है। कई क्षेत्रों में बारिश का पानी गड्ढों में भरा हुआ है और नल की पाईप लाइन भी लीकेज है। जिससे प्रदूषित पानी मिलकर लोगों के घरों तक भी पहुंच रहा है। जिसकी वजह से इस तरह की शिकायत सामने आ रही है।

⏩ शेष पेज 14 पर



### नहीं मिला दूषित पानी

शिकायत के बाद टीम भेजा गया था, पानी दूषित नहीं पाया गया है। वहां पाईप लाइन में 24 घंटे पानी की सप्लाई है। जिससे दूषित पानी रिसाव की संभावना नहीं है।

-अतुल विश्वकर्मा, आयुक्त, नगर निगम

### निगरानी रखी जाएगी

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 40-45 घरों का सर्वे किया गया है। जिसमें तीन-चार मरीज ठीक हो गए हैं। अभी किसी को लक्षण नहीं है, ऐतिहातन निगरानी रखी जाएगी।

- डॉ. नेतराम नवरत्न, सीएमएचओ

**लिया गया जल का नमूना :** डायरिया, पीलिया के मरीज सामने आने पर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री द्वारा इस मामले की सूचना नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग को दी गई। जिसके बाद नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सर्वे प्रारंभ किया। इस दौरान पानी के सैंपल लिया गया है।

### चार पीलिया से और दो डायरिया से पीड़ित

लगभग 15 दिन पहले बसंतपुर वार्ड के लोगों ने गंदा पानी आने की शिकायत की थी, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया जा रहा है कि दूषित पानी पीने से यहां के चार लोग पीलिया से पीड़ित हैं। जिसमें से दो बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दो लोगों को डायरिया के लक्षण है। वहीं 6 मरीज वायरल फीवर से पीड़ित हैं।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### श्रमदान से मुक्तिधाम में सफाई अभियान

**डोंगरगांव।** छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर स्थानीय नगर पंचायत ने वार्ड 3 स्थित मुक्तिधाम में श्रमदान द्वारा सफाई किया। सफाई के बाद पौधरोपण किया गया। पौधों की सुरक्षा का भी प्रबंध किया गया है। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा, पार्षद प्रियंक जैन, निकाय के कर्मचारी, स्वच्छता दीदियाँ आदि उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने दिलाई एकता की शपथ



**मोहला।** सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, डिप्टी कलेक्टर डीआर ध्रुव सहित अन्य उपस्थित थे।शपथ के दौरान उपस्थित कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता को सुरक्षित रखने तथा देशवासियों के बीच एकता का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। जिले के सभी कार्यालयों में एकता दिवस शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### कॉलेज में लिया गया राष्ट्रीय एकता की शपथ



**ठेलकाडीह।** संत गुरू घासीदास बाबा नवीन महाविद्यालय में सरदार पटेल के जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए एकता शपथ का वाचन किया गया। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डीके साहू ने सरदार पटेल का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। सहायक प्राध्यापक श्री मसियारे ने एकता दिवस शपथ का वाचन कराया गया। सहायक प्राध्यापक रेणुका सिन्हा ने अंत में आभार व्यक्त किया।

### पुलिस ने किया रन फार यूनिटी का आयोजन



**जेवरतला रोड।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर रन फार यूनिटी का आयोजन पुलिस चौकी पिनकापार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं साइबर सुरक्षा का संदेश दिया गया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी, जनपद सदस्य नरेश सोनी, सरपंच तारन रजक, शिक्षा समिति के अध्यक्ष इंदु भुआर्य, जागृत देवांगन, जगदीश देवांगन, अंग्रेज प्रजापति आदि उपस्थित थे। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी, एकता शपथ और पौधरोपण किया गया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आरके देवांगन ने सरदार पटेल द्वारा एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए किए गए कार्यों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि बारडोली सत्याग्रह में उनकी दृढ़ता के लिए उन्हें लौह पुरुष की उपाधि दी गई। व्याख्याता अजय पाठक ने उनके उल्लेखनीय कार्यों का वर्णन किया।

### कृषि, जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास में साबित होगा मील का पत्थर

# मड़ियान जलाशय जर्जर, किसानों को व्यापक नुकसान, उठी मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाल बहादुर नगर

राजनांदगांव जिले के लालबहादुर नगर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मढ़ियान के पास स्थित मढ़ियान जलाशय के व्यापक उन्नयन जिसमें जलाशय की मरम्मत, सुदृढ़ीकरण, सिंचाई क्षमता विस्तार बढ़ाने एवं लाइनिंग कार्य को लेकर गुरुवार को जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोड़ापे के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने महत्वपूर्ण प्रतिवेदन छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग को सौंपा।

इस अवसर पर सुरेश वर्मा जनपद सभापति, तामेश्वर साहू जनपद सभापति, भोजराम वर्मा अध्यक्ष भाजयुमो, रामाधीन देवांगन पूर्व महामंत्री, अशोक वर्मा उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, रामप्रसाद वर्मा सरपंच ठाकुरटोला, टूम्मन मंडावी सरपंच मड़ियान, प्रमोद वर्मा सरपंच मक्काटोला, ध्रुव देवांगन (पटेल) ठाकुरटोला समेत हीरालाल चंद्रवंशी, आदु चंद्रवंशी, लखना वर्मा, दानी वर्मा, जयराम वर्मा, द्वारका यादव, जगदीश देवांगन, जगनू वर्मा, पदुम वर्मा, ख़ेमुराम, रामाधीन देवांगन, पारस राजपूत, राधेलाल यादव, बलराम वर्मा, डोमेंद्र लोधी, महादेव साहू, गोपीराम साहू, चुम्मन साहू, कुशल चंद्रवंशी, मनोहर साहू, मिलन साहू, मन्नू ठाकुर, रोहित ठाकुर, गणेश साहू, घनश्याम वर्मा, नेमुदास नारंग, राजू साहू, खेमचंद साहू, तुषार मंडावी, अशोक मंडावी, नारद मंडावी, रूपचंद्र देवांगन शामिल थे।



### 70 वर्ष पुराने जलाशय के पुनर्जीवन की पहल

विदित हो कि मड़ियान जलाशय का निर्माण वर्ष 1955 से 1962 के मध्य किया गया था। अब यह जलाशय अपने 70 वर्ष पूरे कर चुका है। जिसके चलते बांध के कई हिस्सों में अंडर सेक्शन, वेस्ट वियर की जर्जर स्थिति, स्टील चैनल की क्षति एवं अपस्ट्रीम पिचिंग डिस्टर्स जैसी तकनीकी समस्याएं सामने आई है। सेफ्टी रिव्यू पैनल द्वारा किए गए निरीक्षण में इन मरम्मत कार्यों की आवश्यकता पर बल दिया गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि यदि वेस्ट वियर की ऊंचाई 0.30 मीटर (लगभग एक फीट) बढ़ाई जाए तो जलाशय की संग्रहण क्षमता में 40.00 एमसीएफटी की वृद्धि होगी। जिससे लगभग 1750 एकड़ (1000 एकड़ खरीफ एवं 750 एकड़ रबी) क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी।

### जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की व्यापक भागीदारी

प्रतिवेदन सौंपने के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सरपंच, पटेल एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में इस पहल का समर्थन किया और शीघ्र स्वीकृति एवं क्रियान्वयन की मांग की। यह पहल न केवल राजनांदगांव जिले की कृषि व्यवस्था को नई ऊर्जा देगी, बल्कि जल प्रबंधन और ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में एक अनुकरणीय मॉडल साबित होगी। मड़ियान जलाशय का पुनरोद्धार, क्षेत्र के हजारों किसानों के जीवन में समृद्धि का नया अध्याय लिखेगा।

### नहर लाइनिंग और नई वितरक परियोजनाओं से बढ़ेगी जल दक्षता

पुनरीक्षित प्राक्कलन के अनुसार वेस्ट वियर की ऊंचाई बढ़ाने के साथ आरसीसी जोइंटिंग कार्य, स्टील चैनल में 2 नग फ्लॉन एवं रेडिएट फ्लॉन निर्माण तथा धनझोरी डिस्ट्रीब्यूटरी, सेंत्री माइनर एवं गोविंदपुर माइनर की लाइनिंग का कार्य प्रस्तावित है। इसके अलावा दो नई लघु नहरों के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा गया है। जिससे जल वितरण की व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। इन कार्यों के पूर्ण हो जाने पर जलाशय की सिंचाई क्षमता में 708.50 हेक्टेयर की वृद्धि होगी। जिसमें 405 हेक्टेयर खरीफ एवं 303.50 हेक्टेयर रबी की फसलें शामिल होंगी।

### विकास और कृषि सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम

सभापति प्रशांत कोड़ापे ने कहा कि मड़ियान जलाशय न केवल हमारे क्षेत्र की सिंचाई का मुख्य आधार है, बल्कि यह हमारे किसानों की जीवनरेखा है। इसकी ऊंचाई बढ़ाने और नहर लाइनिंग से जल संरक्षण, फसल उत्पादकता और ग्रामीण समृद्धि तीनों में ऐतिहासिक सुधार होगा। यह योजना डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र को आत्मनिर्भर कृषि क्षेत्र के रूप में स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की "जल-समृद्ध छत्तीसगढ़" और जिला प्रशासन के \\/"जल संरक्षण पहल की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना हेतु राजनांदगांव क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री साय के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रत्येक स्तर पर सहयोग आश्वासन प्राप्त हो रहा है।

# सरकारी जमीन का बेजा उपयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

- अतिक्रमण और अवैध निर्माण पर अंकुश नहीं

शहर में इन दिनों जमकर लुट मची है। लोग सरकारी जमीन हड़पने से परहेज नहीं कर रहे है। वहीं जन प्रतिनिधि और अधिकारी लूट को रोकने की दिशा में कदम उठाने के बजाए उगाही करने में लगे हैं। ताजा मामला किसान राइस मिल की जमीन पर माल के भंडारण करने का सामने आया है।

जानकारी के अनुसार बीते कुछ महीनों में शहर में अवैध निर्माण में वृद्धि हुई है। बिना अनुमति के न सिर्फ निर्माण किया जा रहा है बल्कि सड़कों पर मटेरियल का भंडारण कर आवाजाही को बाधित किया जा रहा है। कुछ माह पहले जेंट्स क्लब मैदान से थोक ओर चिल्हर सब्जी विक्रेताओं को हटाने की कार्रवाई किया गया था। इसी प्रकार यातायात को व्यवस्थित करने के नाम पर श्रीराम द्वार से चंडी मंदिर और दुर्गा मिल की ओर सड़कों तक फैली दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी किंतु वर्तमान में स्थिति जस के तस बनी हुई है।

### कार्रवाई करने से परहेज

जानकारी के अनुसार प्रशासनिक अंकुश नहीं होने के कारण लोग अब सरकारी प्रापर्टी हड़पने से भी परहेज नहीं कर रहे है और पूरा प्रशासन तंत्र अवैध कारगुजारियों को राजनीतिक संरक्षण होने के कारण मूक दर्शक बना हुआ है। जानकारी के अनुसार राजगामी संपदा सहित सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करते हुए निर्माण किया जा रहा है। वहीं किसान राइस मिल के आहता की ओर गेट बनाकर जमीन का उपयोग माल के भंडारण और लोड करने के लिए किया जा रहा है।

## एनीकट में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुज्जी

धनगांव में शिवनाथ नदी पर बने एनीकट में डूबने से कुमरदा निवासी बिरसिंग कोलियारे पिता भोला उम्र लगभग 35 वर्ष की मौत हो गई है। मोंगरा जलाशय से पानी छोड़ने के कारण एनीकट में पानी ऊपर से बह रहा है। बताया जा रहा है कि बिरसिंग कोलियारे अपने दोस्तों के साथ एनीकट पार कर नहाने के लिए रुका था। इसी बीच पैर फिसलने से गहराई में चला गया और कुछ देर बाद बिरसिंग राड में फंसा मिला जिसे उसके साथियों ने बाहर निकाला। मृतक के साथी रवि सहारे, विनोद राणा, उत्तम रावटे, घंसु चुरेन्द्र, शंकर नेताम ने बताया कि वह एनीकट पारकर कुमरदा जा रहे थे। एनीकट में गाड़ी धोने और नहाने के लिए रूके थे इसी वक्त बिरसिंग नीचे गिर गया। उसे बचाने का प्रयास किया गया पर वह काफी समय के बाद राड में फसा मिला। जब उसे बाहर निकाला गया जब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## जिले के शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेलगांव

बेंलगांव। छतीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सयुंक्त संचालक आरएल ठाकुर से मुलाकात कर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में प्रधानपाठक एवं व्यायाम शिक्षक के रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग ज्ञापन सौंपकर किया था। सयुंक्त संचालक ने त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला शिक्षा अधिकारियों को पदोन्नति हेतु पात्र शिक्षको की सूची सहित अन्य जानकारी समय उपलब्ध कराने कहा था। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने बताया कि संघ के प्रयास आने दिनो में सैकड़ों शिक्षको को पदोन्नति का लाभ मिलने वाला है जिसकी औपचारिक प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस पहल के लिए प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, संभाग प्रभारी शैलेन्द्र यदु, राकेश तिवारी, शरद शुक्ला, बृजेश वर्मा, चंद्रिका यादव, ईश्वर मंडावी, महेश ठाकुर, हंसकुमार मेश्राम, महेश उइके, जीवन वर्मा, संदीप साहू, रतिराम कन्नौजे, देवेंद्र साहू, सुरेश साहू, माधव साहू, अनिल उइके, मोहित वर्मा, राजकुमारी जैन, पंचशीला सहारे, भारती साहू, अनिल शर्मा, मनीष पशीने, गिरीश हिरवानी, दिनेश कुरेटी ने आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी मनोज वर्मा ने दी।

### सदस्यता अभियान 3 से 10 तक

**डोंगरगढ़।** भारत स्काउट एवं गाइड्स विकासखंड शाखा का सदस्यता अभियान प्रारंभ हो गया है। यह अभियान 3 से 10 नवंबर तक चलेगा। साधारण सदस्य के लिए 11 सौ एवं आजीवन सदस्य के लिए 21 सौ रूपए निश्चित है। इस संस्था में कोई भी नागरिक सदस्यता ग्रहण कर सकता है। सदस्यता के लिए 10 नवंबर तक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अनिल राजपूत के पास सदस्यता फॉर्म एवं राशि जमा किया जा सकता है।

# बेमौसम बारिश ने रूलाया किसानों को

## हरुना धान सहित अन्य फसलों को पहुंचा नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

बड़े जतन के साथ क्षेत्र के किसानों ने धान सहित अन्य जीन्स की बोनी किया था। अच्छे बीज के साथ जरूरत के हिसाब से खाद भी डाला था ताकि बेहतर उत्पादन हो सके। बारिश ने भी किसानों का साथ दिया और जब जब किसानों को जरूरत महसूस हुई तब तब मेघ बरसे। सब कुछ अनुकूल होने के बाद किसानों को उम्मीद थी इस साल खेती से अच्छी आमदनी होगी, जिसके बाद वह अपने बेटा बेटी के हाथ पीले करने के साथ अन्य जरूरतों को पूरा करेंगे, किंतु इन दिनों हो रही बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

जानकारी के अनुसार ब्लॉक के किसानों ने वर्तमान सीजन में 29330 हेक्टेयर में धान, 430 हेक्टेयर में मक्का, रागी, कोदो, कुटकी, 210 हेक्टेयर में अरहर, मूंग, उड़द, 275 हेक्टेयर में मूंगफली, तिल, सोयाबीन और 275 हेक्टेयर में सब्जियों की बोनी किया था। बोनी की शुरुवात से ही किसानों को दिक्कतों से जूझना पड़ा है। शुरुवाती दिनों में किसानों को खाद संकट से दो चार होना पड़ा। लगातार मांग के बाद किसानों को सोसायटी से डीएपी सहित अन्य खाद नहीं मिल सकी। सरकारी नाकामी के बीच किसानों ने बाजार से दो गुना अधिक कीमत देकर खाद की जरूरत को पूरा किया।

### बारिश ने किया फसल चौपट

ग्राम बगदई के किसान और भाजपा नेता धनराज ठाकुर ने बताया कि मौजूदा बारिश से लगभग 50 फीसदी धान की फसल के खराब होने की आशंका बढ़ गई है। इसी प्रकार बारिश से गोभी, बरबटी, मटर, टमाटर सहित अन्य फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है।किसान नेता गुलाब वर्मा ने बताया कि हाल के दिनों में हुई बारिश से बोदेला, मचानपार, गोड़री, पेंडरवानी, नाथूनवागांव, कोहका, दिवानझिटिया, खैरी सहित अन्य गांव के किसानों को काफी नुकसान हुआ है। बारिश के बाद हरूना धान के पौधे गिर गए है जिससे गुणवत्ता प्रभावित होगी। वहीं खेतों में पानी भरने से किसान पककर तैयार धान की फसल की कटाई नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों मौसम नहीं खुला तो किसानों को होने वाला नुकसान और बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान सब्जियों का उत्पादन करते है जिसे भी बारिश से नुकसान हुआ है। उन्होंने किसानों को हुए नुकसान को देखते हुए फसल का सर्वे कराकर प्रभावितों को क्षतिपूर्ति देने की मांग राज्य सरकार से की है।

## टटेंगा स्कूल में सार्थक पहल

# करियर बनाने 12वीं के छात्रों को दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जेवरतला रोड़

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में कैरियर से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए कैरियर गाइडेंस का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य आरके देवांगन ने सभी विद्यार्थियों के लिए 12वीं के बाद की जा सकने वाली नौकरियों के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का जवाब देते हुए बताया कि 12वीं के बाद पटवारी, पुलिस, एसएससी, एनडीए, ड्राइवर, चपरासी, स्टेनोग्राफर, सहायक शिक्षक, रेलवे के ग्रुप डी, पोर्टर, हेल्पर, असिस्टेंट पॉइंट्स मैन का कार्य कर सकते हैं।

अध्ययन जारी रखना चाहते हैं तो आईटीआई, इंटीरियर डेकोरेटर, फैशन डिजाइनर, एनीमेशन, संगीत, कला, कानून, पत्रकारिता, होटल प्रबंधन, मनोविज्ञान की पढ़ाई कर जीवन सफल बना सकते हैं। वाणिज्य व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने वाणिज्य विषय में 12वीं के बाद अध्ययन के बारे में बताते हुए कहा कि यदि लगन हो तो सामान्य अकाउंटिंग से लेकर मैनेजमेंट के पदों पर जा सकते हैं।



### लगन के साथ करें मेहनत

कक्षा 12वीं के बाद बीकॉम, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी, व्यावसायिक प्रबंधन, बीकॉम-एलएलबी, वित्तीय योजनाकार के रूप में अध्ययन किया जा सकता है। कार्यक्रम प्रभारी अजय पाठक ने कहा कि पीसीएम के विद्यार्थी बीएससी, इंजीनियरिंग, वास्तुकला, प्लास्टिक उद्योग, बीसीए, पायलट, के कोर्स के लिए कॉलेज में प्रवेश लेकर अध्ययन कर सकते हैं। पीसीबी के विद्यार्थी नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर एमबीबीएस में चयनित हो सकते हैं। इसके अलावा बीडीएस होम्योपैथी, आयुर्वेदिक चिकित्सा, बी. फार्मेसी, फिजियोथैरेपिस्ट, यूनानी चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, माइक्रोबायोलॉजी, कीट विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, नर्सिंग, फॉरेनसिक विज्ञान, पैरामेडिकल आदि में कैरियर बना सकते हैं।

# अन्नपूर्णा मुहिम से बुजुर्ग दंपत्ति को फिर मिला जीवन का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मानवता की मिसाल बन चुकी संत रामपाल महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम अंतर्गत एलबी नगर के कोलिहापुरी में एक बार फिर दया और सेवा का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। यहां रहने वाले बुजुर्ग दंपत्ति बिसनाथ साहू 79 साल और उनकी पत्नी रूपोतीन साहू 65 साल पिछले कई सालों से कठिनाइयों के बीच जीवन बिता रहे हैं। न कोई संतान, न कोई सहारा था और दोनों पति-पत्नी केवल 500 रुपयों के सरकारी पेंशन से जैसे-तैसे गुज़ारा कर रहे हैं। ऐसे हालात में अन्नपूर्णा मुहिम उनके जीवन में राहत की किरण बनकर पहुंची। पहले भी इस मुहिम के माध्यम से इन्हें राहत सामग्री दी गई थी और दूसरी बार फिर संपूर्ण राशन किट प्रदान की गई। इसमें आटा, चावल, दाल, तेल, मसाला, नमक, चाय, चीनी, आलू, प्याज सहित अन्य आवश्यक घरेलू सामग्री शामिल रही। इस दौरान बुजुर्ग दंपत्ति ने भावुक होकर कहा कि संत रामपाल की अन्नपूर्णा मुहिम हमारे लिए भगवान का रूप है। इस दौरानउनके अनुयायियों ने कहा कि यह केवल एक राहत अभियान नहीं, बल्कि जहां भूख है वहां तत्वदर्शी संत रामपाल की अन्नपूर्णा मुहिम पहुंचती है, जहां निराशा है, वहां करुणा का उजाला फैलता है, इसका संदेश है।




## डोंगरगढ़ की वसुंधरा खेलने जाएगी बैंकाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

आगामी 4 से 15 नवंबर तक बैंकॉक में होने वाली विश्व जुजीत्सु प्रतियोगिता के लिए भारतीय दल का चयन गत दिनों सहारनपुर में किया गया। भारतीय दल में छत्तीसगढ़ के दो खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। 63 किलो वजन समूह महिला में अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता राणा वसुंधरा सिंह डोंगरगढ़ एवं भिलाई की अंकित यालामनचली 62 किलो वजन समूह में शामिल है। कोच श्री राणा ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। प्रदेश संघ के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी, तरुण वरकडे, बाबूराव, राजकुमार नंदेश्वर ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मोहारा फिल्टर प्लांट में जल संयंत्रों की सफाई

**राजनांदगांव।** शहर की जनता को पर्याप्त शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सके, इसके लिए नगर निगम राजनांदगांव सतत प्रयासरत रहता है। पेयजल में किसी भी प्रकार का व्यावधान उत्पन्न न हो व इस हेतु निगम जल विभाग का अमला सतत कार्य कर रहा है। जल विभाग अमला द्वारा 10, 17 एवं 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट का तीनों पाली में 24 घंटे संचालित किया जा रहा है। प्रतिदिन अमला द्वारा मोहारा प्लांट में रॉ-वाटर, क्लीयर वाटर का परीक्षण एवं क्लोरिन टेस्ट भी करते हैं। साथ ही शिवनाथ नदी मोहारा का जल स्तर का भी प्रतिदिन पर्यवेक्षण किया जा रहा है। वर्तमान में मोहारा शिवनाथ नदी एनीकट में पर्याप्त मात्रा में रॉ-वाटर उपलब्ध है। महापौर मधुसूदन यादव एवं आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर साफ पेयजल सप्लाई के लिए वर्तमान में फिल्टर प्लांट के समस्त जल संयंत्रों के फिल्टर बेड, चैनल, एरियेशन टैंक आदि की सफाई की जा रही है। समय-समय पर उच्च स्तरीय जलागार (टंकिया) की सफाई की जाती है। साथ ही प्लांट परिसर के छोटी व कटिली झाडियों की कटाई कर साफ-सफाई की जा रही है।



### निकली भव्य निशान यात्रा

**राजनांदगांव।** श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव के द्वितीय दिवस श्री श्याम कुटी रामाधीन मार्ग से निकली भव्य निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु बारिश में भी धर्म ध्वजा लहराते भजनों में झूमते नजर आए।



### संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन व विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता बक्शी के मार्गदर्श न में 24 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अमिता बक्शी द्वारा संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते बताया गया कि द्वितीय विश्व युद्ध पश्चात अंतरराष्ट्रीय शांति की स्थापना तथा भविष्य में होने वाले युद्धों की विभीषिकाओं से विश्व की रक्षा करना संयुक्त राष्ट्र का पहला उद्देश्य था। इसी कड़ी में विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजकुमार बंजारे द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ के अंगों व उनके कार्यों को बताया गया। प्राध्यापक संजय सप्तर्षि द्वारा छात्रों को संयुक्त राष्ट्र में भारत की भूमिका तथा योगदान से अवगत कराया गया। डॉ. भारती सोनी द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ के समक्ष उपस्थित चुनौतियों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई तथा दीपक कुमार ने संयुक्त राष्ट्र संघ के महत्व तथा भविष्य में सुधार की अपेक्षाओं को स्पष्ट किया। कार्यक्रम में बीए तथा एमए दोनों कक्षाओं के छात्र उपस्थित रहे।




### चुनाव में अधिवक्ता प्रशांत टॉप-10 में

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य अध्यक्ष परिषद के प्रतिष्ठापूर्ण निर्वाचन की गणना 13 तारीख से प्रारंभ हो गई है। इस चुनाव में 105 मैदान पर थे। राजनांदगांव जिले से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत तिवारी कुल 105 प्रत्याशियों में से 31500 मत वेल्यू प्राप्त कर प्रथम शीर्ष 6 में अपना स्थान बनाते जीत के अंतिम परिणाम की ओर अग्रसर हैं। । राजनादगांव मुख्यालय में 481 मतों में प्रशांत तिवारी को प्रथम वरीयता के एकतरफा 216 वोट प्राप्त हुए। वहीं प्रत्येक दिन उन्हें मिलते प्रथम वरीयता के वोटो की वेल्यू 31500 तक पहुंच गया है, जो आगे और बढ़ेगी। प्रथम चरण के गणना के पश्चात श्री तिवारी प्रदेश के टॉप-टेन में है। उनकी सफलता पर जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यगण समक्ष में उत्साहपूर्ण बधाई दे रहे है। जिसमें अधिवक्तागण अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष हफीज खान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे, पूर्व लोक अभियोजक नारायण कन्नौजे, कांग्रेस विधि विभाग जिलाध्यक्ष विनीता मदान, पूर्व विशेष लोक अभियोजक परवेज अख्तर, विकास शुक्ला, चंद्रपाल सिंह पवार, वीरेंद्र उके, मो. शकील, दिलीप साहू, उमेश मिश्रा, देवेंद्र साहू, स्मिता गुप्ता, जया श्रीवास्तव, मुकेश बागड़े, अर्जुन नागवानी सहित मोबाइल व अन्य माध्यमों से श्री तिवारी को बधाईयों का तांता लगा हुआ है। जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता शामिल हैं।



### उत्साह के साथ मनाई गई देवउठनी एकादशी

**गंडई पंडरिया।** शहर में देवउठनी एकादशी धार्मिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। हिंदू धर्म में इस दिन को अबूझ मुहूर्त माना जाता है, क्योंकि इसके साथ ही चार महीने बाद सभी शुभ और मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाती है। तुलसी विवाह को लेकर गंडई के बाजार में गन्ने की जबरदस्त बिक्री हुई । पारंपरिक रूप से इस पूजा में गन्ने का विशेष महत्व होता है। श्रद्धालुओं ने तुलसी के पौधे के पास गन्ने का मंडप बनाकर भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का प्रतीकात्मक विवाह कराया। पूजा के लिए गन्ना, सिंघाड़ा, बेर सहित अन्य मौसमी फल खरीदने के लिए सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ी रही। घरों और मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।



## निधन



### रोहन साहू

**गंडई पंडरिया।** ग्राम देवपुरा निवासी पत्रकार रोहन साहू का एक नवंबर को दोपहर लगभग 12 बजे दुःखद निधन हो गया। वह पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ थे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत और सामाजिक दायरे में शोक की लहर दौड़ गई है। वह लगभग 50 वर्ष के थे। क्षेत्र की पत्रकारिता में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। रोहन साहू अपने पीछे दो बेटियां, एक बेटा, बहू सहित नाती-नातिन का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार देवपुरा के मुक्तिधाम में किया गया।

---

### लोक गायिका आरू देंगी रंगारंग प्रस्तुति

# म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आज से राज्योत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्योत्सव 2025 का आयोजन 2, 3 एवं 4 नवंबर 2025 को सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (म्युनिसिपल स्कूल मैदान) राजनांदगांव में किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 2 नवंबर को मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 6 बजे किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता सांसद संतोष पांडेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।



### विभिन्न योजनाओं की लगेगी प्रदर्शनी

राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। राज्योत्सव 2025 के अवसर पर प्रथम दिवस 2 नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से विभिन्न विकास विभाग की विभागीय महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल योजनाओं की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। विभागीय स्टॉलों के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। इसी दिन शाम 6 से 6.15 बजे तक मुख्य अतिथि का आगमन होगा एवं उनके द्वारा विभागीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया जाएगा। शाम 6.15 बजे से शाम 6.30 बजे तक मुख्य अतिथि का मंच पर आगमन एवं दीप प्रज्जवलन किया जाएगा। शाम 6.30 बजे से शाम 7 बजे तक अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। शाम 7 से 7.30 बजे तक विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत शाम 7.30 से रात्रि 10 बजे तक लोक गायिका आरू साहू द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। राज्योत्सव 2025 के अवसर पर 3 एवं 4 नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से विभिन्न विकास विभाग की विभागीय महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल योजनाओं की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा तथा शाम 4 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

---

## महिलाओं ने धूमधाम से मनाया दीपावली मिलन व अन्नकूट पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कस्तूरबा महिला मंडल व आराधना महिला मंडल द्वारा गोपाष्टमी अवसर पर दीपावली मिलन और अन्नकूट पूजा का कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन पर्वत उठाने वाली घटना को याद करते नंदलाला किशन-कन्हैया की पूजा-अर्चना की और 56 प्रकार के भोग चढ़ाएं।

इस दौरान पूर्व महापौर हेमा देशमुख की उपस्थिति में कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका शारदा तिवारी, सरस्वती माहेश्वरी, अध्यक्ष अलका जानी, सचिव साधना तिवारी, कोषाध्यक्ष आशा गुप्ता, आराधना महिला मंडल की किरण अग्रवाल आदि द्वारा मेरे झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे, राम आएंगे, जैसे सुरीले गीत का गान किया। पूर्व महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि यह शक्ति स्वरूपा महिलाएं ही है, जिन्होंने भारतीय संस्कृति की अक्षुणता को बचाए व बनाए रखा है। कस्तूरबा और आराधना महिला मंडल की समाज सेवा व पर्व विशेष पर आयोजित किए जाने वाले धर्म संस्कृति के अनुष्ठानिक कार्य इसके उदाहरण हैं जो सबको जोड़े रखता है।

शारदा तिवारी ने कहा कि हमारे पर्व व धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमें हमारी जड़ों से जोड़े रखता है और यही हमारी संस्कृति और सनातनी पहचान है। महिलाओं के दीपावली मिलन व अन्नकूट पूजा अवसर पर आराधना महिला मंडल की पुष्पा अग्रवाल, शारदा खंडेलवाल, पुष्पा अग्रवाल, भगवती खंडेलवाल, विजया सोनी, चंपा गुप्ता, माया गुप्ता, छाया खंडेलवाल, ईला पटेल, रेखा लाल, आशा सोनक्षत्रा, मनीषा कक्कड़, शशिप्रभा खंडेलवाल आदि ने मनोहारी रास गरबा की प्रस्तुति दी।

इस दौरान शोभा चोपड़ा, माया अग्रवाल, सुषमा सिंह, चंद्रकला अग्रवाल, जनकबाई गुप्ता, रजनी अग्रवाल, आभा पोद्दार, कृष्णा गुप्ता आदि ने तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। अंत में महिलाओं में अन्नकूट पूजा की महाप्रसादी वितरित की गई। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने भी शुभकामनाएं दी। वहीं आभार व्यक्त अलका जानी ने किया। इस दौरान प्राचार्य प्रवीण गुप्ता, व्यवस्थापक सीताराम वैष्णव, शिक्षिका संगीता यादव, तनुजा महिलांगे, ममता साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। उक्त जानकारी साधना तिवारी द्वारा दी गई।

---

## तीन दिवसीय कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में भारतीय ज्ञान परंपरा (आईकेएस) समिति के नेतृत्व में तीन दिवसीय भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का उद्देश्य भारतीय परंपरा, दर्शन और ज्ञान की इस अविरल धारा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ना है। कार्यशाला के प्रथम दिवस रिसोर्स पर्सन के रूप में ग्रामीण सेवा, छत्तीसगढ़ प्रांत के आचार्य देवेन्द्र, प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, संयोजक डॉ. त्रिलोक कुमार, सह-संयोजक डॉ. प्रमोद कुमार महीष, आयोजन सचिव डॉ. डाकेश्वर कुमार वर्मा, लेखा प्रसाद उर्वसा, डॉ. ललित प्रधान आर्य एवं वंदना मिश्रा उपस्थित थे।

भारतीय ज्ञान परंपरा समिति के संयोजक डॉ. त्रिलोक कुमार ने कार्यशाला एवं प्रदर्शनी की विस्तार से जानकारी देते कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा पर कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भारतीय जीवन दर्शन, परंपरागत ज्ञान, स्वदेशी तकनीक और पर्यावरणीय संवेदनशीलता को पुनर्जीवित करना है। जिससे नई पीढ़ी अपने प्राचीन सांस्कृतिक मूल्यों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिचित होकर अनुशरण कर सके।

प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि ज्ञान की ललक हर क्षेत्र में देखने को मिलता है। विज्ञान हो या मीडिया यहां ज्ञान की सीमा आपार है। पूर्व में जब कोई साधन नहीं होते थे, तब परंपरागत माध्यमों का ही सहारा लेना पड़ता था।

### ज्ञान सिर्फ पुस्तकों तक सीमित नहीं

कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन आचार्य देवेन्द्र ने भारतीय ज्ञान परंपरा धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, भारतीय ज्ञान परंपरा कोई तर्क नहीं एक भाव है, संपूर्ण जीवन के मार्गदर्शक का सिद्धांत बताते कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा सदियों से चली आ रही एक समृद्ध और विविध प्रणाली है। यह ज्ञान सिर्फ पुस्तकों या सिद्धांतों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह परंपरा, संस्कार और ऋषि-मुनियों के आचरण के माध्यम से पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होता रहा है। कार्यक्रम का संचालन वंदना मिश्रा और लिकेश्वर सिन्हा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में विज्ञान संकाय और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में साइंटिफिक इन्नोवेशन इन ग्रीन सोसाइटी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। आयोजन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, मुख्य वक्ता डॉ. दीप्ति चौहान महिला महाविद्यालय भिलाई, विशिष्ट अतिथि जेके वैष्णव, पूर्व ग्रंथपाल, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभारी प्राचार्य डॉ जितेन्द्र कुमार साखरे उपस्थित रहें। कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रेम कुमार पटेल ने प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए वृक्षारोपण, प्लास्टिक निषेध, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों से परिचय कराया। इससे पहले अपने स्वागत भाषण में प्रभारी प्राचार्य डॉ साखरे ने विकास के समनांतर पर्यावरण संरक्षण को महत्व देते हुए छात्र-छात्राओं को इस दिशा में वैज्ञानिक नवाचार के माध्यम से कार्य करने का आह्वान किया। प्रकृति संरक्षण के साथ-साथ उन्होंने व्यक्तित्व निर्माण पर जोर दिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ दीप्ति चौहान ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से ग्रीन सोसाइटी अर्थात हरित समाज के लिए कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से विभिन्न रचनात्मक कार्य से परिचय कराया। वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रीनरी डेवलपमेंट, स्मार्ट सेंसर, हर्बल कलर निर्माण, पेस्टिसाइड निर्माण इत्यादि गतिविधियों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए इसके घरेलू उपयोग तथा व्यवसायिक पक्ष से भी अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि जेके वैष्णव ने भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और विज्ञान के सह-अस्तित्व की वकालत करते हुए पर्यावरण संरक्षण को आज की अनिवार्य आवश्यकता बताया। सत्र का संचालन यशपाल जंघेल और आभार प्रदर्शन सुरेश आडवाणी ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना कार्यशाला की संयोजक मनीषा नायक ने किया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक भबीता मंडावी, सतीश माहला, मोनिका जत्ती, अतिथि व्याख्याता परमेश्वरी टांडिया, शबाना खान, खेमपाल, ऐश्वर्या वर्मा, राकेश वर्मा, निशा दुबे, अश्वनी वर्मा, खूशबू सिन्हा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जड़ी बूटी के महत्व को किया रेखांकित

द्वितीय सत्र में आमंत्रित वक्ता हड्डी रोग विशेषज्ञ देवरी निवासी वैद्य शेखू राम वर्मा उपस्थित ने आयुर्वेद को भारत की ज्ञान परम्परा का संवाहक घोषित करते हुए हड्डी जोड़ने की चिकत्सीय पद्धति में स्थानीय जड़ी- बूटी के महत्व रेखांकित किया। इसके अलावा उन्होंने स्वस्थ्य जीवन शैली के लिए आवश्यक खानपान के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराया। पैनल डिस्कशन में कुलीकसा निवासी नाड़ी रोग विशेषज्ञ वैद्य सुमरन जंघेल और वैद्य जगदीश चंदेल ने स्थानीय जड़ी बूटियों के माध्यम से बड़े से बड़े रोगों के निदान का उपाय बताया। सत्र का संचालन डॉ. उमेंद चंदेल और आभार प्रदर्शन सृष्टि वर्मा ने किया।

---

### श्याम खाटू की शोभायात्रा आज

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में आगामी 2 नवंबर को श्री श्याम खाटू श्याम की शोभा निशान यात्रा का आयोजन मां कर्मा मंदिर प्रांगण में किया गया है। कार्यक्रम के तहत दोपहर एक बजे से श्याम जी की पूजा अर्चना, 3 बजे शोभायात्रा एवं शाम 7 बजे से भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। इस दौरान करण द्विवेदी भजनों की प्रस्तुति देंगे। आयोजक तरुण दुबे, राजा दुबे ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## सेजेस की 89 छात्राओं को मिली साइकिल

**साल्हेवारा।** सेजेस साल्हेवारा में निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। सरकार की योजना के तहत 89 छात्राओं को सायकल प्रदान किया गया। इस दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाते हुए सदभावना दौड़, निबंध, रंगोली, चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने राष्ट्र की एकता अखंडता की शपथ लिया। इस अवसर पर सरपंच दशरथ पटेल, मनोज अग्रवाल, मन्नू मरकाम, गगन अग्रवाल, प्राचार्य विनित दास, बहादुरसिंह खुशरो, नरेंद्र पटले, गिरधारी वर्मा, जगदीश पंचकपाट महेन्द्र ठाकुर, विकास तिवारी, त्रिभुवन चंद्राकार, रोहित आंचला, झमेश साहू आदि उपस्थित थे।



---

### नगर निगम के टाउन हाल में कार्यक्रम का आयोजन

# सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर पालिक निगम के टाऊन हाल में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में बीते दिनों नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पार्षद कमलेश बंधे, संदीप बघेल, सतीश साहू व चन्द्रकृत साहू की उपस्थिति में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई।



कार्यशाला में आयुक्त विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रही है। इस योजना से अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करने की जरूरत है। योजना अंतर्गत 30 हजार रुपए से 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का शासन द्वारा प्रावधान है एवं बैक से ऋण लेने की सुविधा भी उपलब्ध है। घर की बिजली की खपत के अनुसार सोलर पैनल लगाना है।

पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस लाभकारी योजना का लाभ जरूर लें और बिजली बिल से बचे। योजनांतर्गत घर में स्थापित प्लांट से उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली से न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि योजना की जानकारी लोगों तक नहीं पहुंच पा रही है, इसके लिए विद्युत मंडल के एजेंसी वार्डों में जाकर शिविर लगाएं तथा प्रचार-प्रसार करें। पार्षद चन्द्रकृत साहू ने कहा कि शासन की लाभकारी योजना है, मेरा वार्ड शहर का अंतिम वार्ड है फिर भी मेरे वार्डवासी जानकारी होने पर योजना का लाभ लेने आवेदन जमा किए हैं। कार्यशाला में कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### बिजली खर्च से बचने लगाए सोलर पैनल

आयुक्त विश्वकर्मा ने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि बिजली खर्च से बचने अपने घर में सोलर पेनल जरूर लगाएं और अपने लोगों को भी प्रेरित करें। इस योजना के संबंध में आवेदन करने, अनुदान राशि, ऋण, सोलर पैनल लगाने, नियम-शर्तें विद्युत विभाग द्वारा दी जाएगी एवं निगम में आवेदन जमा कराया जाएगा। सभी अधिकारी-कर्मचारी को सोलर पैनल लगाने आवेदन करना है। उन्होंने पार्षदों से भी अपील की कि योजना का लाभ देने वार्डवासियो को जानकारी दें एवं आवेदन कराएं।

---

### पीएम मोदी ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 127वें एपिसोड में छत्तीसगढ़ का नाम एक बार फिर गौरव के साथ लिया गया। इस पर वरिष्ठ भाजपा पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने न सिर्फ प्रदेश का सम्मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे देश को लोकल संस्कृति, स्वच्छता और एकता का संदेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 127वें एपिसोड ने देशभर में उत्साह का माहौल बनाया है। वरिष्ठ भाजपा पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ का नाम लेकर प्रदेश का मान एक बार फिर ऊंचा किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अंबिकापुर शहर को स्वच्छ भारत मिशन में श्रेष्ठता सिद्ध करने विशेष रूप से प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने दीपावली पर लोकल के लिए वोकल अभियान की सफलता का जिक्र कर स्थानीय व्यापारियों और कारीगरों का उत्साह बढ़ाया है।

## सार समाचार



### जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव**। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत जारी कैलेंडर अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य की सहकारी समितियों के लिए एनसीडीसी योजनाएं, कार्यकलाप, वित्त-पोषण की जानकारी के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के सभागर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में एनएल टंडन उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव ने उपस्थित समिति प्रबंधकों को केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होने के निर्देश दिए। एनसीडीसी द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यशाला में योजनाओं की जानकारी/ प्रशिक्षण शुभम साहू द्वारा दिया गया। इस अवसर पर केके चंद्रवंशी वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक सहकारिता राजनांदगांव, एन. कुमार साहू प्रभारी प्रबंधक जिला सहकारी संघ मर्यादित राजनांदगांव सहित राजनांदगांव जिले के प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के प्रबंधकगण उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन ईश्वर श्रीवास समिति प्रबंधक सेवा सहकारी समिति बोरतलाव द्वारा किया गया।

### पांच नवंबर को आएंगे उपराष्ट्रपति



**राजनांदगांव**। संस्कारधानी राजनांदगांव की सेवाभावी संस्था उदयाचल द्वारा स्थापित उदयाचल मल्टी स्पेशिलिटी आई केयर एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट का लोकार्पण भारत के उपराष्ट्रपति महामहिम सीपी राधाकृष्णन के करकमलों से आगामी 5 नवंबर को होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव एवं महापौर मधुसुदन यादव सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

### शांति भंग करने वाले पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव**। लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं पूर्व में कायम अपराध के आधार पर 30 अक्टूबर को अनावेदक द्वारा किराया नहीं देने, ना ही किराये के मकान को खाली नहीं करने के संबंध में आवेदन प्राप्त होने पर मौके पर पहुंचने पर अनावेदक द्वारा मेरे खिलाफ पुलिस में शिकायत आवेदन दिए हो कहकर लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर देवव्रत उर्फ शिबु 27 साल साकिन चंदननगर मोतीपुर को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

### निषाद समाज की मासिक बैठक आज

**राजनांदगांव**। जिला निषाद समाज की मासिक बैठक कल 2 नवंबर को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में आयोजित की गई है। बैठक में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष ईश्वर निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगनलाल निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद की उपस्थिति रहेगी। मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा।

### आज दिपावली मिलन समारोह

**राजनांदगांव**। जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल के तत्वाधान में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन कल 2 नवंबर को स्थानीय शिव मंदिर सारथीपारा में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मनसुख सोनकर द्वारा किया जाएगा। उक्त जानकारी संघ के सचिव अशोक सारथी ने दी।

### हिंदू जागरण मंच ने मनाया दीपावली मिलन

**राजनांदगांव**। हिंदू जागरण मंच का दीपावली मिलन समारोह महेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग में संपन्न हुआ। इस अवसर पर हिंदू समाज को जागृत करने और विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के उद्देश्य से एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में मंच के पदाधिकारी, सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रांत संयोजक अवधेश दुबे ने कहा कि हिंदू समाज को संगठित व जागृत करने हमारी बहन-बेटियों को लव जिहाद से बचने हेतु समाज में जागरण करना है और समाज को संगठित करना है। हिंदू जागरण मंच के लगभग 200 कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया, जिस मातृभूमि में जन्म लिए हैं हम उन्हीं को मन मानेंगे, जो भारत माता को अपनी मां मानता है वह सब हमारे भाई हैं। हमें आपसी मतभेद बुलाकर संगठित होना है। इस अवसर पर नागरिकों ने हिंदू समाज के उत्थान के लिए काम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन महेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग पर किया गया था। यह जानकारी जिला संयोजक सुशील लड्ढा ने दी।

### मातृ वंदना योजना : टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर जारी

**राजनांदगांव**। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के नवीन पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने लगातार कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा नवीन पात्र हितग्राहियों एवं आवेदकों से प्राप्त शिकायतों के सुगम निवारण के लिए नवीन टोल फ्री हेल्प लाईन नंबर 1515 जारी किया गया है। हितग्राही नवीन टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर के माध्यम से अपनी शिकायतों व समस्याओं का समाधान आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। नवीन टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर की सभी सुविधाएं पूर्व में जारी हेल्प लाइन नंबर के अनुसार ही होगी। नवीन हेल्प लाइन नंबर 1515 पर शिकायतों का प्रभावी निराकरण कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाया जा सके।

## कहा: मिलकर करेंगे जनता के लिए काम

# नक्सली लीडर भूपति ने किया मुख्य धारा में लौटने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के एक्शन और शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर नक्सलियों का सरेंडर जारी है। नक्सल संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य / केंद्रीय समिति सदस्य, केंद्रीय रिजनल ब्यूरो सचिव एवं प्रवक्ता कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ़ भूपति ने हाल ही में महाराष्ट्र पुलिस के समक्ष गढ़चिरोली जिले में आत्मसमर्पण किया था। शनिवार को उन्होंने वीडियो संदेश जारी कर सशस्त्र अभियान को छोड़कर मुख्य धारा में आने की अपील की है।

वीडियो जारी कर उन्होंने कहा कि, मैंने अपने 60 साथियों के साथ हथियार छोड़कर मुख्य धारा में आए हैं।छत्तीसगढ़ में सैकड़ों माओवादियों ने हथियार छोड़कर मुख्य धारा में आए हैं। इसके साथ भारत के कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी के सदस्य चंद्रअन्ना ने तेलंगाना में पुर्नवास के लिए आए हैं. इन तमाम साथियों को मैं अभिवादन पेश करता हूं। हम इस देश में लम्बे समय से काम करते आ रहे हैं। हमने हमारे कई साथियों को खो दिया है. आज बाहर आने का मतलब है कि, ये बदल रहे परिस्तिथियों का संकेत होता है। आज हमने हथियार छोड़कर जनता के बीच आए थे। अब जनता के बीच में रहकर काम करने का निर्णय लिया है. जिन साथियो को हमने खो दिया है। उन साथियों को समझते हुए यह बदलाव जरुरी है।

### कई साथी इलाकेवर सत्ता को अपनाने के लिए हैं डटे हुए

उन्होंने आगे कहा कि, हमारे कई साथी इलाकेवर सत्ता को अपनाने के लिए हथियार बंद संघर्ष में डटे हुए हैं। हमें अब यह समझना है कि, इस रास्ते पर चलते हुए ही हम जनता से दूर हुए हैं। ये उस रास्ते की विफलता को दर्शाता है। लेकिन हमारी सीसी तमाम बदलावों को पहचान रही है। लेकिन वह संघर्ष पर बदलाव लाने के लिए तैयार नहीं है। यह उनकी कठमुल्लावाद तरीका को दर्शाता है। ऐसे में देशभर के लोगों से मेरी अपील है कि, हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आएं।

### सरेंडर के लिए जारी किया अपना फोन नंबर

भूपति ने आगे कहा कि, मेरे हथियार छोड़ने पर कुछ लोग मेरी निंदा कर रहे हैं। इसका मैं खंडन करता हूं, कुछ दिनों पहले इस पर रुपेश ने प्रतिक्रिया दी थी। ऐसे में अब मैं कुछ नहीं कहना चाहता हूं और आप सभी हथियार छोड़कर मुख्य धारा में आए। जो लोग हथियार छोड़ने के लिए तैयार हैं, वो लोग मेरे नंबर 8856038533 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही अपने साथी रुपेश का 6267138163 नंबर जारी कर कहा कि, आप इस पर संपर्क कर हमसे बातचीत करके सरेंडर कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय एकता दौड़ आयोजित



**राजनांदगांव**। ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भापुसे) के निर्देशन में राजनांदगांव पुलिस के तत्वावधान में आज ''राष्ट्रीय एकता दौड़'' का भव्य आयोजन किया गया।

दौड़ का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव से किया गया, जो डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक तक पहुंची और पुनः हॉकी स्टेडियम में समापन हुआ। इस अवसर पर शहर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राएं, खेल प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### नागरिकों ने लिया हिस्सा

राष्ट्रीय एकता दौड़ में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से महापौर मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, कोमल सिंह, सचिन बघेल, संतोष अग्रवाल, देवेन्द्र सिंह ठाकुर (प्रभारी, क्रीड़ा शिक्षा विभाग), ए. एक्का (सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग) सहित अन्य अधिकारी एवं नागरिकों ने भाग लिया।

इस अवसर पर 400 से अधिक प्रतिभागियों ने दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लेकर ''राष्ट्रीय एकता'' का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' के संकल्प के साथ सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उनके योगदान को नमन किया गया।

### खिलाड़ी व छात्र-छात्राएं रहे शामिल

इसके अतिरिक्त अग्निवीर प्रशिक्षण शिविर के 50 प्रशिक्षु, खेलो इंडिया के 52 खिलाड़ी, रक्षित केंद्र में प्रतियोगी परीक्षा हेतु प्रशिक्षणरत 50 युवा, रक्षित केन्द्र में आर्चरी प्रशिक्षण केंद्र के 30 बालक-बालिकाएं, कमला कॉलेज की 50 छात्राएं एवं पुलिस विभाग के लगभग 50 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित हुए।

## प्रतिमा का किया दुग्धाभिषेक

**राजनांदगांव**। राज्योत्सव के अक्सर छत्तीसगढ़ महतारी के प्रतिमा की अपेक्षा, एक दिन पूर्व तक परिसर के आसपास फैली गंदगी के मामले को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए युवा कांग्रेस द्वारा आज शहर के गौरव स्थल के पास स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष जल और दूध से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की गई।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी हमारी माता है, उनका सम्मान हर छत्तीसगढ़वासी के दिल में बसता है, लेकिन राज्य सरकार एक ओर करोड़ों रुपए खर्च कर राज्योत्सव मना रही है। वहीं दूसरी ओर महतारी की प्रतिमाओं की अनदेखी कर रही है।

इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भागवत साहू, श्रीकिशन खंडेलवाल, पदम कोठारी, अमित चंद्रवंशी, राजा तिवारी, गणेश पवार, शरद पटेल, गोपी रजक, पंकज बांधव, केशव पटेल, सूरज शर्मा, रीना पटेल, रोशनी सिन्हा, संगीता साहू, ललिता साहू, नीरज कन्नौजे, हर्ष साहू, हर्ष खोबरागड़े, अभिमन्यु मिश्रा, विप्लव शर्मा, सौरभ तिवारी राजा यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### अर्पित की गई धान की बाली

इस दौरान प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और धान की बाली अर्पित की गई। वहीं गौरव स्थल पर शहीदों की प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पण करते हुए प्रदेश के स्थापना दिवस अवसर पर वीर शहीदों का नमन किया गया।

## धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए होनी चाहिए सभी आवश्यक सुविधाएं

**राजनांदगांव**। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खरीफ वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर यादव ने कहा कि धान खरीदी शासन की महती योजना है। 15 नवंबर से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इसके लिए सभी नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को पारदर्शितापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों के वास्तविक उपज की खरीदी करना है। धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं होनी चाहिए और किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नापतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, आद्र्रतामापी यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, बायोमेट्रिक डिवाईस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य व्यवस्थाओं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने पीवी एप से तैयारी का भौतिक सत्यापन करने कहा। धान का किस्मवार स्टेकिंग करने कहा। उन्होंने जिले के सभी चेकपोस्ट पर 1 नवम्बर से ही जांच शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को परेशानी नहीं चाहिए। धान खरीदी के दौरान धान उपार्जन केन्द्रों में सुविधाओं का ध्यान रखने के साथ ही समय पर उनके खाते में समय पर राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी, महाप्रबंधक जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक सुधीर सोनी सहित नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



### टोकन जारी करने निर्देश

उन्होंने लघु व सीमांत किसानों का प्राथमिकता से टोकन जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि किसान टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से किसान अपने मोबाईल से सुबह 8 बजे से 9.30 बजे तक टोकन प्राप्त कर सकते हैं। सावधानी एवं सजगता के साथ उपार्जन केन्द्रों में धान व बारदाना का साप्ताहिक भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराने कहा।

पृष्ठ 11 का शेष

### पूर्व पार्षद ने वार्ड में...

**कंपनी ने किया मेन्टेनेंस बंद-**
पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि अमृत मिशन के तहत ठेका मिलने के बावजूद कंपनी पिछले 15 दिनों से मेंटेनेंस बंद किए हुए हैं। यह सीधे लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ है। प्रशासन ठेकेदारों पर तुरंत एफआईआर दर्ज करें। दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वार्डवासियों के साथ मिलकर उग्र जन आंदोलन किया जाएगा।

**पानी से आ रहा बदबू-**
वार्ड के नागरिक कृष्णा नागवंशी ने बताया कि गंदा पानी की शिकायत 15 दिन पहले किया था, पर निराकरण कुछ नहीं हुआ। अभी मेरे घर में दो बच्चे पीलिया से ग्रसित हैं। वहीं आसपास के लोगों को वायरल की शिकायत है। उन्होंने बताया कि पानी गंदा और बदबूदार आ रहा है। इधर शहर के कुछ और वार्ड में भी गंदा पानी आने की शिकायत सामने आ रही है। शहर के रामनगर वार्ड नं. 7 क्षेत्र के शासकीय स्कूल के पीछे एरिया में नलों से बारिक इल्ली आने की शिकायत लोगों द्वारा की गई है। वहीं पानी में भी पीलापन नजर आ रहा है।

**कभी नहीं होती जांच-**
लोगों के घरों तक शुद्ध पानी पहुंचाने के लिए समय-समय पर पाईप लाइन लिकेज की जांच भी नहीं की जाती है। शुद्ध पेयजल को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जाती है। जल स्त्रोत और पाईप लाइन के आसपास जाम पानी को भी नहीं निकाला जाता है। इन सब कारणों से डायरिया और पीलिया का संक्रमण शहर में नजर आ रहा है।

## जन्मोत्सव पर आज श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ



**राजनांदगांव**। खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव 1 नवंबर को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। श्री श्याम महिला मंडल की स्थानीय इकाई द्वारा श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का भव्य आयोजन अनेक वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। कल 2 नवंबर को श्री अग्रसेन भवन में भव्य महोत्सव की व्यापक तैयारियां की गई है।

श्री श्याम महिला मंडल की आशा जयप्रकाश अग्रवाल, पार्वती नरेंद्र शर्मा, शोभा कमलनारायण अग्रवाल, राधा पुरुषोत्तम तिवारी, भावना घनश्याम अग्रवाल, आशा रूपनारायण गुप्ता के अनुसार कल 2 नवंबर को दोपहर 2 बजे से श्री अग्रसेन भवन में संगीतमय श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का कार्यक्रम आयोजित है।

संस्कारधानी के श्याम सेवक आकाश शर्मा एवं शुभम शर्मा की जोड़ी द्वारा श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन कर अमृत वर्षा की जाएगी।

## शिक्षक शर्मा को सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ठा. प्यारेलाल सिंह शा.पूर्व मा. शाला राजनांदगांव के उच्च श्रेणी शिक्षक गणेश प्रसाद शर्मा को अपनी शिक्षकीय शासकीय सेवा पूर्ण करने पर शाला परिवार द्वारा 31 अक्टूबर को एक समारोह में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। जिसमें स्कूल के शिक्षकों के साथ ही शुभचिंतकों ने भी सेवापूर्ण अवसर पर शुभकामनाएं दी।

समारोह में शाला के प्रधान पाठक महेश कुमार कन्नौजे ने कहा कि शिक्षक गणेश प्रसाद शर्मा ने अपने शासकीय सेवा में शिक्षकीय जीवन की शुरूआत 1 नवंबर 1985 को की थी। वे लगातार शिक्षण कार्य के साथ ही शहर में विभागीय व प्रशासनिक कार्यों के अलावा जनकल्याण एवं सामाजिक कार्यों में भी हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। वे एक हॉकी के अच्छे खिलाड़ी व निर्णायक होने के साथ ही खेल मैदानों में भी सभी खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे।

उनका शिक्षकीय कार्य 31 अक्टूबर 2025 को 40 वर्ष की सेवा पूर्ण होने के पश्चात वे अपने शासकीय दायित्वों से सेवानिवृत्त जरूर हो रहे हैं, लेकिन उनकी कार्य कुशलता व अनुभव का लाभ हम सबको भविष्य में भी अवश्य मिलता रहेगा। इस अवसर पर शाला परिवार की ओर से श्री शर्मा का शाल, श्रीफल, पुष्पमाला से स्वागत कर सम्मान किया गया। शाला के शिक्षकों ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। शाला के विद्यार्थियों ने भी श्री शर्मा के सेवाकाल के अपने अनुभव भी साझा किए। समारोह अवसर पर महेश कुमार कन्नौजे, प्रिती झा, रामनारायण सिंह बघेल, शशिता गंजबोईर, रीमा नायर, सीमा वर्मा, नीलम श्रीवास्तव, गोपाल कुमार साहू, रूपचंद बिदानी उपस्थित थे। इसके अलावा श्री शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर दिनेश खापर्डे द्वारा भी शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।



## युगांतर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर कॅप बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बीते दिनों सुबह खेला गया। अंडर-17 के छात्र वर्ग में कृष्णा पटेल युगांतर पब्लिक स्कूल विजेता, मन्नत साहू युगांतर पब्लिक स्कूल उप विजेता, अथान्क जोशी वाइडनर मेमोरियल तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-19 में शिवम टावरी एनपीएस विजेता, देवांग बान्थिया युगांतर पब्लिक स्कूल उप विजेता, पार्थ अग्रवाल एनबीआईएस तृतीय स्थान पर रहे।

इसी तरह अंडर-17 में भूमि वर्मा वाइडनर मेमोरियल विजेता, निर्वी बरडिया युगांतर पब्लिक स्कूल उप विजेता, कृति शर्मा एनपीएस तृतीय स्थान पर रही। अंडर-19 में चार्वी चन्द्राकर आरकेसी विजेता, निकिता तिवारी युगांतर पब्लिक स्कूल उप विजेता, अवनि खंडेलवाल एनपीएस, दीक्षा वर्मा केवीएस तृतीय स्थान पर रही। बैडमिंटन के ग्रुप गेम में युगांतर पब्लिक स्कूल और गायत्री स्कूल के रोचक फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें युगांतर पब्लिक स्कूल विजेता रहा और युगांतर कॅप अपने नाम किया। अंडर-11 के छात्र वर्ग में नमन पटेल युगांतर पब्लिक स्कूल विजेता, प्रणय पारधी युगांतर पब्लिक स्कूल उप विजेता, सौभाग्य मुखर्जी केवीएस तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-14 में अविघ्न मेश्राम एनपीएस विजेता, शुभ जैन एनपीएस उप विजेता, वेदांत लिघड़े तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह छात्रा वर्ग के अंडर-11 में आद्या कश्यप एनपीएस विजेता, खुशी डाकलिया उप विजेता, अन्वी चोपड़ा युगांतर पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-14 में आकृति माहेश्वरी वाइडनर मेमोरियल विजेता, आद्या झा वाइडनर मेमोरियल उप विजेता, मिष्ठी मानिकपुरी वाइडनर मेमोरियल, वृष्टि आर्या एनपीएस तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-17 के डबल्स के फाइनल मैच में रेहाव मखानी, ओजस बाफना तथा अंडर-19 के डबल्स के फाइनल मैच में गौरव ठाकुर, यज्ञान्श पात्रा विजेता रहे। इस दौरान लगभग बारह स्कूलों की टीमों के बीच खिताब के लिए जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। फाइनल मैच के बाद समापन समारोह अजय सिंगी, अखराज कोटड़िया, मिश्रीलाल गोलछा, सुशील कोठारी, कुणाल शर्मा, मधुसूदन नायर, दिनेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में आयोजित हुआ।







हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 2 नवंबर 2025



# देवउठनी...देर शाम तुलसी विवाह के बाद पूजा-अर्चना, आज भी मनेगा पर्व

## दो दिन एकादशी होने से भ्रम में रहे लोग, आधे ने शनिवार को मनाया पर्व, बाकी आज करेंगे पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देव उठनी एकादशी पर्व तुलसी विवाह के साथ ही अंचल में मांगलिक शहनाईयों की गूंज शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही शुभ कार्यों के आयोजनों की श्रृंखला भी शुरू जाएगी। गांव-गांव में उत्सव और मंडई मेले का आयोजन प्रारंभ कर दिया जाएगा। पर्व के साथ ही बाजार में फिर रौनक बना रहेगा।

देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह पर्व को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति रही। कई लोगों ने आज जहां घर-आंगन में तुलसी चौरा की साफ-सफाई व सजावट कर गन्ने का मंडप बनाकर विधि-विधान से सपिरवार पूजा-अर्चना की। वहीं बड़ी संख्या में लोग कल रविवार को देवउठनी एकादशी पर्व मनाने की तैयारियों में है।

### वैवाहिक मुर्हूत शुरू

पंचाग के मुताबिक देवउठनी पर्व के साथ ही नवंबर माह में वैवाहिक मुहूर्त 22, 23, 24, 25, 29 व 30 तारीख को एवं दिसंबर माह में 1, 4, 5, 6 व 10 तारीख को शुभ वैवाहिक मुहूर्त है। अंग्रेजी का नववर्ष प्रारंभ होते ही जनवरी से भी लगातार वैवाहिक मुहूर्तों का क्रम बना रहेगा। जिससे बाजे-गाजे एवं मांगलिक शहनाईयों की गूंज के साथ ही बारात, पार्टी के आयोजनों का लगातार क्रम बना रहेगा। लोगों में व्यस्तता का आलम रहेगा। देवउठनी एकादशी के साथ ही लोगों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।



### बाजार में बढ़ी रौनक

पर्व को लेकर बाजार सहित चौक-चौराहों में पूजा-अर्चना की सामग्रियों के अलावा गन्नों की बड़ी संख्या में दुकानें दो दिन पूर्व से ही सजी हुई है। जिसकी जमकर खरीदी की गई। बाजार में सुबह से लेकर देर शाम तक पूजा सामग्रियों की खरीदी के लिए चहल-पहल बना रहा। वहीं अब बाजार में आने वाले दिनों में वैवाहिक आयोजनों को देखते हुए और भी चहल-पहल बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। बाजार में दिवाली के बाद फिर रौनक बनी रहेगी।

### विधि-विधान से पूजा-अर्चना

हिन्दू धर्म में पर्वों की श्रृंखला में देवउठनी एकादशी का विशेष महत्व माना गया है। ऐसी मान्यताएं हैं कि देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार महीने की योग निंद्रा से जागते हैं, जिसे देव प्रबोधनी एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन बड़ी संख्या में लोग भगवान विष्णु एवं मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। भगवान विष्णु के स्वरूप शालीग्राम से तुलसी माता का विवाह रचाकर मंगल कामना करते हैं। देवउठनी एकादशी पर्व पर मंदिरों में भी विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही चातुर्मास का भी समापन हो गया। अंचल में मांगलिक वैवाहिक आयोजनों का क्रम शुरू हो गया है।

## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन में गूंजा राजकीय गीत, सम्मान में खड़े हुए लोग



**राजनांदगांव**। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रजत जयंती वर्ष प्रदेशभर में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। स्थानीय रेलवे स्टेशन में आज सुबह राजकीय गीत अरपा पैरी के धार गूंजते ही स्टेशन पर मौजूद लोग इसके सम्मान में खड़े हो गए। इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना का रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है।

वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश से पृथक होकर अस्तित्व में आया था। जिसके 25 वर्ष पूरे होने पर राज्य उत्सव को लेकर लोगों में काफी हर्ष है। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य उत्सव के अवसर पर 1 नवंबर को प्रदेश के सभी रेलवे स्टेशन में राजकीय गीत बजाने निर्देशित किया गया था। जिसके तहत आज स्थानीय रेलवे स्टेशन में अनाउंसमेंट स्पीकर से राजकीय गीत गूंजने लगा। राजकीय गीत के बजते ही स्टेशन पर मौजूद यात्री इसके सम्मान में खड़े हो गए। राजनांदगांव रेलवे स्टेशन प्रबंधक आरके बर्मन ने कहा कि रेलवे के माध्यम से राजकीय गीत बजाने के लिए गाईड लाइन प्राप्त हुआ था। जिसके तहत आज स्टेशन पर राजकीय गीत बजाया गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस को लेकर सभी में उत्साह है।

### देवांगन समाज का दीपावाली मिलन आज

**राजनांदगांव**। मोतीपुर स्थित सामाजिक भवन मोतीपुर में इकाई देवांगन समाज का दीपावाली मिलन समारोह रविवार को होगा। इसके बाद आम बैठक भी होगी। इसमें आगामी वर्ष कुलदेवी मां परमेश्वरी जयंती की तैयारी व रणनीति को लेकर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम शाम छह बजे शुरू होगा। इकाई के प्रचार प्रभारी दिनेश देवांगन (दीनू) से सभी स्वजातिय बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है।

## उद्घाटन के डेढ़ महीने बाद संचालन शुरू, 48 प्रकार की होगी जांच

# पहले दिन सिटी स्कैन से कोई जांच नहीं टेस्ट के लिए लगेंगे 5 सौ से 8800 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगभग 12 करोड़ की लागत से खरीदी गई सिटी स्कैन मशीन उद्घाटन होने के डेढ़ महीने बाद आनन-फानन में शनिवार से राज्य गठन के 25वें वर्षगांठ के अवसर पर शुरु कर दिया गया है। हालांकि अचानक लिए गए निर्णय के चलते पहले दिन किसी भी मरीज की जांच नहीं हो पाई। जबकि अस्पताल सूत्र के अनुसार शनिवार को कुछ मरीजों को जांच के लिए प्राइवेट लैब भेजा गया था।

बताया गया कि प्रदेश की सर्वाधिक आधुनिक इस सिटी स्कैन मशीन के जरिये कुल 48 प्रकार की जांच हो पाएगी। ज्ञात हो कि प्रदेश की यह पहली 128 स्लाइस वाली सिटी स्कैन मशीन है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जिला अस्पताल में सिटी स्कैन की सुविधा थी, लेकिन बीते साल बारिश के दौरान मशीन में पानी भरने से यह खराब हो गई थी। एक साल बीतने के बाद भी मरम्मत नहीं हो सकी। जिससे मरीजों को निजी सेंटरों का सहारा लेना पड़ रहा है। ऐसे में लगातार जनता की तरफ से सिटी स्कैन मशीन की मांग हो रही थी, जिसे पूरा करते इस साल ही जून महीने में मशीन की खरीदी की गई और 6 सितंबर को इसका उद्घाटन विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा किया गया था। उस दौरान यह भी बताया गया था कि जल्द ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 30 करोड़ की लागत वाली एमआरआई मशीन भी लगाई जाएगी।

### खास बातें

- निजी लैब से तीन गुना तक कम दर
- 30 करोड़ की लागत से आएगी एमआरआई मशीन
- कई जिले के लोगों को मिलेगी सुविधा



### जांच के लिए यह दर तय

प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार जांच के लिए न्यूनतम 500 और अधिकतम 8800 रुपए की दर तय की गई है। बताया गया कि सिटी स्कैन एफएनएसी के लिए 500, सिटी स्कैन सर व दिमाग के लिए 670, पूरे शरीर के सिटी स्कैन के लिए 8800, सिटी स्कैन छाती के लिए 2565, सिटी स्कैन पीएलएस प्लेन के लिए 800 रुपए तय किए गए है। यह भी बताया गया कि आयुष्मान कार्ड धारको से जांच के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। वहीं आईपीडी में बीपीएल कार्ड धारकों से शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**कंपनी से दो साल का अनुबंध** : मिली जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगाई गई सिटी स्कैन मशीन का संचालन शुरूआती दौर पर कंपनी द्वारा ही किया जाएगा। बताया गया कि मशीन इंस्टॉल करने वाली कंपनी से दो साल का अनुबंध किया गया है। जिसके तहत वही ट्रेंड टेक्नीशियन मशीन को ऑपरेट करेंगे। अस्पताल प्रबंधन भविष्य में टेक्नीशियन की भर्ती प्रक्रिया भी शुरू करेगा।

### एडवांस मशीन, शुल्क रहेगा कम

प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार इस मशीन के जरिये शासकीय दर पर कुल 48 प्रकार की जांच हो पाएगी। मशीन की खासियत है कि एडवांस मॉडल होने से मरीजों की छोटी सी छोटी तकलीफ एवं बीमारी जो अन्य सिटी स्कैन मशीनों से पकड़ में नहीं आती, वह भी आसानी से सामने आएगी। मरीजों को निजी अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। मेडिकल स्टुडेंट्स को भी इसका फायदा मिलेगा। लंबे समय से इसे लेकर परेशानी थी।

### आधा दर्जन जिले को मिली राहत

सिटी स्कैन मशीन न केवल राजनांदगांव के मरीजों के लिए, बल्कि आसपास के करीबन आधा दर्जन जिलों के लोगों के लिए भी लाभकारी साबित होगी। मोहला-मानपुर-चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, भानुप्रतापपुर और बालोद के लोग भी इस मशीन की सुविधाएं इस्तेमाल कर पाएंगे। इससे पहले मरीजों को महंगे निजी डायग्नोस्टिक केंद्रों पर जाना पड़ता था, अब वे सरकारी अस्पताल में उचित दामों पर बेहतर सेवा पा सकेंगे।

# महाराष्ट्र से शराब लाकर बिक्री, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र से लाकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपियों से शराब बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 31 अक्टूबर को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा बिक्री कर रहा है, जिस पर थाना डोंगरगांव की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताए व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर आरोपी द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी अजय बोरकर के कब्जे से अवैध रूप से रखे कुल 40 पौवा देशी दारू प्रीमियम डिलक्स सुपर संत्रा महाराष्ट्र निर्मित कीमती 3200 रुपए व बाइक एवं आरोपी मदनलाल निर्मलकर के कब्जे से अवैध रूप से रखे कुल 32 पौवा देशी दारू प्रीमियम डिलक्स सुपर संत्रा कीमती 2560 रुपए को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया।

### चिखली में भी पकड़ाए कोचिए

चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में 31 अक्टूबर को शराब बिक्री हेतु एक्टिवा में परिवहन कर ले जाने के संबंध में सूचना के आधार पर एक्टिवा को चिखली शासकीय प्रेस के पीछे रूकवाकर तालाशी लेने पर आरोपी राकेश साहू 25 साल ग्राम परसाडीह जिला बालोद एवं योगेन्द्र साहू 23 साल सिंघोला भाठागांव के कब्जे से स्कूटी के डिक्की में 7 बाटल गोल्डन गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब कीमती 3360 रुपए बरामद होने पर वाहन एक्टिवा को जब्त कर दोनों आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। इसी तरह घटनास्थल दीनदयाल नगर चिखली में अवैध रूप से शराब बिक्री करते आरोपी कुशल यादव 18 साल शंकरपुर को रंगे हाथ पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 10 पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब कीमती 1200 रुपए को जब्त किया एवं घटनास्थल ग्राम गठुला से भेड़ीकला मार्ग में आरोपी सुमीत पारधी 23 बोईरडीह के कब्जे से 16 देशी प्लेन शराब कीमती 1280 रुपए एवं बिक्री रकम 330 रुपए को जब्त कर दोनों आरोपी के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया।

# कार्तिक पूर्णिमा पर तीन दिवसीय मोहारा मेला की तैयारियां शुरू, सजने लगे झूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के शिवनाथ नदी तट मोहारा में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर तीन दिवसीय मोहारा मेला का आयोजन किया जाना है, जिसे लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। जिले के सबसे बड़े इस मेले को लेकर व्यापारियों सहित रहवासियों में भी उत्साह का माहौल है। शिवनाथ नदी तट मोहारा में इन दिनों तीन दिवसीय मेले को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है।

मेला स्थल में प्रवेश मार्ग को भी व्यवस्थित बनाया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य वर्तमान में जारी है। इसके अलावा रौशनी सहित अन्य व्यवस्थाओं पर भी नगर निगम द्वारा ध्यान दिया जा रहा है। गत दिवस मेला स्थल में तैयारियों को लेकर शहर के महापौर मधुसूदन यादव भी पहुंचे थे, जिन्होंने यहां पहुंचने वाले लोगों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान रखने सहित पर्याप्त साफ-सफाई के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

### सजी दुकानें, स्थान निर्धारित

इधर मेले से लगभग 15 दिन पूर्व से ही दूर-दराज से यहां व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों ने भी अपनी-अपनी प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी थी। इन दिनों मेला स्थल पर कतारबद्ध तरीके से छोटे-बड़े झूले लगाए जाने का कार्य व्यवसायियों द्वारा किया जा रहा है। वहीं मेला स्थल पर मार्ग निर्माण का कार्य भी अंतिम चरण पर है। इसके अलावा मेला स्थल पहुंच मार्ग से लेकर भीतर तक दुकानें सजाने के लिए व्यवसायियों ने चूना से मार्किंग कर अपने-अपने लिए स्थान निर्धारित कर लिए हैं।

### कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ेगी भीड़

बताया गया कार्तिक पूर्णमा पर लगने वाले उक्त तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ 4 नवंबर को होगा। मेला 4, 5 व 6 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने की तैयारियां की जा रही है। ज्ञात हो कि मोहारा मेला का आयोजन वर्षों से किया जाता आ रहा है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन भोर के समय से ही यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा स्नान कर नदी में दीपदान व पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं और मेले का आनंद उठाते हैं। मोहारा मेला का इंतजार ना सिर्फ जिले के रहवासियों को, बल्कि प्रदेश के अन्य स्थानों पर रहने वालों को भी बना रहता है। बहरहाल मेला स्थल पर तैयारियां जोर-शोर से जारी है।

# कारगिल और ऑपरेशन सिंदूर में शामिल जवान सेवानिवृत्ति, घर लौटने पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भारतीय सेना में 34 साल अपनी सेवाएं देने के बाद आज शहर के निवासी विनोद रजक सेवानिवृत होकर अपने घर लौटे। इस दौरान उनका शहर के रेलवे स्टेशन में भूतपूर्व सैनिकों, परिजनों और स्थानीय देशप्रेमी जनता द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

भारतीय सेना में असम, नागालैंड, जम्मू कश्मीर, राजस्थान सहित कई क्षेत्रों में अपनी सेवाएं पूरी कर लौटे लेफ्टिनेंट विनोद रजक वर्ष 1991 में देश सेवा के जज्बे के साथ भारतीय सेना में शामिल हुए थे। आज 34 साल की सेवा पूरी कर वह रिटायर्ड हो गए हैं। इस दौरान वह वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध और वर्ष 2025 के ऑपरेशन सिंदूर में भी शामिल रहे। इन दोनों युद्ध में लगभग 26 साल का फासला और इसमें आए बदलाव को लेकर रिटायर्ड लेफ्टिनेंट विनोद रजक ने कहा कि अब भारतीय सेना अत्याधुनिक हथियारों से लैस हो गई है। पहले और अब में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर जैसी योजना काफी बेहतर है। जिसमें हर युवाओं को शामिल होना चाहिए। लेफ्टिनेंट विनोद रजक के सेना से लौटने पर वार्ड और गणमान्य नागरिकों सहित अन्य लोगों द्वारा बाजे-गाजे के साथ जुलूस निकालकर शहर का भ्रमण करते वह घर पहुंचे। इस दौरान भारतमाता की जयघोष के नारे लगते रहे।

**युवाओं को करेंगे प्रोत्साहित** : रिटायरमेंट बाद लौटे लेफ्टिनेंट विनोद ने कहा कि अब वह अन्य युवाओं को भी सेना में जाने प्रेरित करने की दिशा में कार्य करेंगे। वही स्थानीय लोगों द्वारा उनके लौटने पर हुए स्वागत को लेकर उन्होंने सभी का आभार जताते कहा कि 34 साल पहले जब सेना में शामिल हुआ था, तो इसी तरह स्वागत करके यहां के बेटे को देश की रक्षा के लिए भेजा गया था। वहीं अब वापस लौटने पर भी उसी उत्साह से स्वागत किया गया है। जिससे मैं अभिभूत हूं।

## वार्डवासियों ने कहाः पानी दूषित, आ रही बदबू, निगम नहीं देता इस पर ध्यान

# पूर्व पार्षद ने वार्ड में डायरिया फैलने का लगाया आरोप निगम और स्वास्थ्य महकमे ने कहाः हालात सामान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में बीते एक पखवाड़े से पीलिया और डायरिया के मामले सामने आ रहे हैं। कई लोग इससे पीड़ित हैं, जो घर पर ही रहकर इलाज करा रहे हैं। वहीं कुछ मरीजों को अस्पतालों में भी भर्ती कराया गया है। मौसम के विपरीत प्रभाव के साथ ही बीते कुछ दिनों से शहर के कई वार्ड में नलों से आ रहे गंदे पानी की वजह से इसका असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। वहीं कुछ क्षेत्रों में जल भराव और गंदगी फैली हुई है। बीते दिनों शहर के रामनगर, सहदेव नगर क्षेत्र में कुछ लोगों को पीलिया और डायरिया के लक्षण सामने आए थे। वहीं अब शहर के बसंतपुर में वार्ड नंबर 42 और 43 में पीलिया व डायरिया फैला हुआ है। इस वार्ड में लगभग 15 दिनों से गंदे पानी आने की शिकायत भी सामने आ रही है। कई क्षेत्रों में बारिश का पानी गड्ढों में भरा हुआ है और नल की पाईप लाइन भी लीकेज है। जिससे प्रदूषित पानी मिलकर लोगों के घरों तक भी पहुंच रहा है। जिसकी वजह से इस तरह की शिकायत सामने आ रही है।

⏩ शेष पेज 14 पर



### नहीं मिला दूषित पानी

शिकायत के बाद टीम भेजा गया था, पानी दूषित नहीं पाया गया है। वहां पाईप लाइन में 24 घंटे पानी की सप्लाई है। जिससे दूषित पानी रिसाव की संभावना नहीं है।

-अतुल विश्वकर्मा, आयुक्त, नगर निगम

### निगरानी रखी जाएगी

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 40-45 घरों का सर्वे किया गया है। जिसमें तीन-चार मरीज ठीक हो गए हैं। अभी किसी को लक्षण नहीं है, ऐतिहातन निगरानी रखी जाएगी।

- डॉ. नेतराम नवरत्न, सीएमएचओ

**लिया गया जल का नमूना** : डायरिया, पीलिया के मरीज सामने आने पर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री द्वारा इस मामले की सूचना नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग को दी गई। जिसके बाद नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सर्वे प्रारंभ किया। इस दौरान पानी के सैंपल लिया गया है।



## खबर संक्षेप

### स्वामी करपात्री स्कूल के छात्र का मॉडल राज्य स्तरीय लिए चयनित



**हरिभूमि कवर्धा।** स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में जोन स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कबीरधाम जिला एवं बेमेतरा जिला के प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में विज्ञान प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला अंतर्गत प्रोजेक्ट और मॉडल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा के कक्षा 12वी विज्ञान संकाय के छात्र विजेश भास्कर ने नवाचार युक्त मॉडल प्रदर्शित किया और द्वितीय स्थान के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। साथ ही मार्गदर्शक शिक्षक व्याख्याता वजनराम साहू ने शिक्षक संगोष्ठी में क्वांटम युग का आगाज संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर सेमिनार प्रस्तुत किया और जोन स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। इस सफलता हेतु जोन प्रभारी व्याख्याता बीआर लहरें एवं विद्यालय के प्राचार्य डीएस जोशी ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

### सेजेस पिपरिया में धूमधाम से मनाया गया लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती



**हरिभूमि पिपरिया।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पिपरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण तथा पूजा अर्चना कर आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य केएल सिंगरौल की अध्यक्षता में इस विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ ली। तत्पश्चात एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी तथा इस विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता विनोद चंद्रवंशी ने अपने संभाषण में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शो और मार्गो पर चलने के लिए इस विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करने के साथ ही साथ बताया कि संगठन में ही शक्ति होती है और एकता में ही बल होता है, जिसे अंग्रेजी में यूनिटी इज पॉवर कहते है, अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता है। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सरदार पटेल के जीवन पर व्याख्यान दिया गया। स्वयंसेवक संदीप, चंचल, खुशबू सभी ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया, उक्त कार्यक्रम में इस विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य केएल सिंगरौल, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी तथा इस विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता विनोद चंद्रवंशी, वरिष्ठ व्याख्याता हंसराज चंद्राकर उनके साथ ही साथ शिक्षक शिक्षिका में अजय आदित्य गुप्ता, राजेश निषाद, बीरेंद्र भूआर्य, पवन कोसरिया, भूपेंद्र गढ़े, राहुल, अमन लहरें, लोकेश्वरी साहू, पूर्णिमा चंद्रवंशी, प्रिया चंद्रवंशी, तृप्ति सिन्हा, पूनम चंद्राकर, लक्ष्मी ठाकुर तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी गण उपस्थित थें।

### दीपावली मिलन समारोह का प्रमुख उद्देश्य भाईचारे व एकता बनाए रखना समाज में प्रमुख उद्देश्य



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के ग्राम सैगोना में झेरिया यादव समाज द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पारंपरिक खुमरी, लाठी वेशभूषा दोहा सखी मातर मंडई मेला को परंपरा गत चले आ रहे हैं। इस पहचान को समाज में बरकरार रखने झेरिया यादव समाज का प्रमुख उद्देश्य है। झेरिया यादव समाज के जिलाध्यक्ष धनीराम यादव ने दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिसमें झेरिया यादव समाज को संगठित और एकता भाईचारे बनाए रखने के लिए तथा परंपरागत सदियों से चले आ रहे रीति-रिवाज को कायम बनाए रखने के लिए सामाजिक बैठक रखा गया। दीपावली मिलन समारोह के अवसर पर एक-दूसरे को गले मिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी गई। दीपावली मिलन के अवसर पर भेट-मुलाकात सभी के साथ किया गया और अपनी समाज की पहचान और संदेश को दूर-दूर तक पहुंचाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि दीपावली मिलन समारोह का प्रमुख उद्देश्य भाईचारे और एकता बनाए रखना समाज में प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम में गोलू यादव जिला सचिव, परदेसी यादव जिला उपाध्यक्ष, संजय यादव, भुलाऊ यादव जिला कोषाध्यक्ष, भुनेस्वर यादव संगठन मंत्री गनपत यादव, सेवाराम यादव, तुलसी यादव संचालक, शत्रुहन यादव अध्यक्ष कवर्धा रा, रामावतार यादव उपाअध्यक्ष, कानस यादव जिला सयुक्त सचिव, भारत यादव कोषाध्यक्ष, नरसिंह यादव, परस यादव, भावत यादव, संचलक द्वारका यादव, माखन यादव, रामेश्वर यादव, नरोत्तम यादव, महेत्तर यादव, अजय यादव, पुनिराम यादव, धर्मेंद्र यादव, रवि यादव, गोपी यादव, संतराम यादव सहित समस्त झेरिया यादव समाज के कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल कौशल प्रतिस्पर्धा संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम खोलगांव में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल कौशल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न एकल विधाओं व सामूहिक खेल जिसमें कबड्डी, खो-खो बालक व बालिका वर्ग का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण देकर सम्मानित किया गया। इस बाल कौशल प्रतिस्पर्धा में संकुल प्राचार्य संतोष कुमार डहरिया ने कहा कि खेल हमारी शारीरिक एवं मानसिक स्थिति को स्वस्थ रखने का सशक्त माध्यम है और साथ ही साथ बच्चे के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने में मदद मिलती है। इस अवसर पर सम्मानीय अतिथि गण उपस्थित थें। इस दौरान डॉ संतोष साहू, रामाधार शर्मा, दिनेश पांडेय, सरपंच सुरेश धुर्वे, उप सरपंच विनय शर्मा, परमेश्वर साहू, रामफल चंद्राकर, समस्त प्रधान पाठक एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

## कार्यक्रम: छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक धरोहर व लोक कलाओं के अनूठा संगम से सजेगा राज्योत्सव

# राज्य स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन आज से

- सांसद संतोष पाण्डेय राज्योत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल।





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में तीन दिवसीय 02 से 04 नवंबर तक नगर के आचार्य पंथ श्री गृथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय मैदान में भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूरा होने पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे। कार्यक्रम में पण्डरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश कुमार चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नपा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला स्तरीय तीन दिवसीय राज्योत्सव की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर इस वर्ष का भव्य तीन दिवसीय राज्योत्सव विशेष आकर्षण के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, परंपरा और जनजीवन की झलक शानदार तरीके से प्रस्तुत होगी। राज्य की विभिन्न शासकीय योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए विभागों द्वारा आकर्षक स्टाल लगाए जाएंगे। जहां नागरिकों को योजनाओं और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी मिलेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5 बजे से होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की लोककला, लोकसंगीत और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की मनमोहक प्रस्तुतियां दर्शकों को रोमांचित करेंगी। तीनों दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में जिले और प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोक कलाकारों एवं नृत्य दलों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले नाचा, करमा, ददरिया, हास्य जुगलबंदी, कबीर गायन, लोक गायन, कत्थक, सूफी भजन, गजल और स्टार नाइट कार्यक्रमों से पूरा वातावरण उत्सवमय बनेगा।






### कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों के लोक नृत्य छत्तीसगढ़ दर्शन, प्रमुख त्योहार से होगी

राज्योत्सव में 2 नवंबर को कार्यक्रम की शुरुआत कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, जिला कबीरधाम के विद्यार्थियों के लोक नृत्य छत्तीसगढ़ दर्शन, प्रमुख त्यौहार से होगी। इसके बाद मया के मया लोक नृत्य की प्रस्तुति धनीदास मानिकपुरी देंगे। विष्णु यादव की करमा और ददरिया माटी के चंदन लोकधुनों की मिठास श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देगी। कौशल साहू एवं अनुप श्रीवास्तव की हास्य जुगलबंदी से कार्यक्रम में हंसी की गूंज उठेगी। सरगम टीचर्स ग्रुप महेश सिंह ठाकुर एवं साथी का संगीत गायन वातावरण में मधुरता घोल देगा। प्रमोद सेन एवं साथी का लोककला मंच कार्यक्रम गहना गांठी छत्तीसगढ़ी लोकजीवन की सुंदर झलक पेश करेगा। पद्मश्री डॉ भारती बंधु के कबीर गायन से भक्ति और समरसता की भावधारा बहेगी। काव्यगूंज म्यूजिकल ग्रुप के गौरव एवं स्वाती गुप्ता का भजन गायन आत्मा को स्पर्श करेगा, जबकि दानी वर्मा एवं साथी का लोक नृत्य परसा के फूल उत्सव को एक मनमोहक समापन प्रदान करेगा।

### 3 नवंबर को कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति की विविध छवियों से सजा रहेगा

राज्योत्सव के दूसरे दिन 3 नवंबर को कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति की विविध छवियों से सजा रहेगा। शाम की शुरुआत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की मनमोहक छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रस्तुति से होगी। जो प्रदेश की पारंपरिक विरासत का सुंदर प्रदर्शन करेगी। इसके बाद क्लासिक म्यूजिकल ग्रुप तुलेश्वर शर्मा एवं साथी द्वारा मधुर संगीत गायन की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसकी सुरीली धुनें दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। कार्यक्रम के अगले कड़ी में कार्तिक साहू एवं साथी द्वारा नृत्य, लोकगायन और लोककला मंच की संयुक्त प्रस्तुति दी जाएगी, जो छत्तीसगढ़ की लोकपरंपराओं की झलक पेश करेगी। जय भोरमदेव बांस गीत दल कुनीराम यादव एवं साथी द्वारा प्रस्तुत बांस गीत में लोकधुनों की लयात्मक मिठास गूंजेगी। इसके पश्चात स्वर संवेदना ग्रुप राजीव केशरी एवं साथी के सुगम गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति माहौल में सुमधुरता घोल देगी। मंच पर सचिन कुम्हरे का आकर्षक कत्थक नृत्य शास्त्रीय कला की गरिमा को उजागर करेगा। रामखिलावन लांझेकर के सूफी भजन गायन से श्रोताओं को आध्यात्मिक अनुभूति होगी। सांस्कृतिक संध्या का समापन लोक गीत, नृत्य एवं संगीत लोक अनुहार राकेश सेन एवं साथी तथा छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी रामभज साहू एवं साथी की ऊर्जा से भरपूर हास्य और लोकनृत्य प्रस्तुतियों से होगा, जो पूरे वातावरण को आनंद और उत्सव के रंग में रंग देंगे।

### 4 नवंबर को छत्तीसगढ़ की आदिवासी, लोक एवं परंपराओं के रंग से सराबोर रहेगा

राज्योत्सव के तीसरे और अंतिम दिन 4 नवंबर को छत्तीसगढ़ की आदिवासी, लोक एवं परंपराओं के रंग से सराबोर रहेगा। दिन की शुरुआत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमरोही के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आदिवासी लोक नृत्य से होगी, जिसमें जनजातीय संस्कृति की झलक और परंपरागत जीवन की उमंग देखने को मिलेगी। इसके बाद देवसिंह अहिरे द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी, जो दर्शकों को लोक लय की दुनिया में ले जाएगी। कार्यक्रम में आगे देवसिंह साहू एवं साथी के कबीर भजन आत्मिक शांति और ज्ञान की भावना से वातावरण को पवित्र करेंगे। इसके पश्चात अंकुर गुप्ता एवं आशुतोष गुप्ता द्वारा भावपूर्ण गजल गायन से संगीत प्रेमियों को एक नया अनुभव मिलेगा। रजऊ साहू द्वारा प्रस्तुत गुरुतुर बोली गवई कार्यक्रम में लोकगायन की मिठास और छत्तीसगढ़ी बोली की गहराई झलकेगी। योगेन्द्र दास एवं साथी का सांस्कृतिक लोककला मंच अमरैया के छांव छत्तीसगढ़ की परंपरागत लोककला का सुंदर प्रदर्शन करेगा। इसके बाद गीरिश राजपूत एवं साथी द्वारा माई का जगराता एवं छत्तीसगढ़ गीत जसगीत की प्रस्तुति से पूरा परिसर भक्तिभाव और आस्था से गूंज उठेगा। इसके अतिरिक्त शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय के विद्यार्थियों की भक्ति लोक संगीत प्रस्तुति दर्शकों के हृदय को छू लेने वाली होगी। समापन सत्र में पं विवेक शर्मा एवं साथी की प्रस्तुति में छत्तीसगढ़ गीत और संगीत से सजी स्टॉर नाइट का भव्य आयोजन होगा, जो राज्योत्सव के इस तीन दिवसीय सांस्कृतिक पर्व को यादगार बना देगा।

## खेल से बच्चों में सामाजिक भावना बढ़ती है: एमके गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत क्षेत्र के सभी संकुलों केन्द्रों में बाल कौशल प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में किया गया। वहीं संकुल केंद्र पेंड्रीकला-हथमुड़ी में तीन दिवसीय बाल कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 9 प्राथमिक व 6 पूर्व माध्यमिक शालाओं के 1228 छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

खेल प्रतिस्पर्धा के समापन दिवस पर अध्यक्षता कर रहे विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम के गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा की खेल से बच्चों में सामाजिक भावना में अभिवृद्धि होती है, बच्चे समूह के साथ हर परिस्थिति में सामंजस्य बनाकर रहना सीख जाते हैं और यही आगे चलकर एक अच्छे समाज के निर्माण में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल कुण्डा अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने इस आयोजन को लेकर अपने उद्बोधन में कहा की शिक्षक समाज का रीढ़ की हड्डी होता है, शिक्षक बच्चों के भविष्य गढ़ने में अहम भूमिका निभाती है और वही बच्चे आगे चलकर एक सुंदर समाज का निर्माण करता है।

संकुल प्राचार्य ओम प्रकाश पांडेय ने भी एक सुंदर समाज के गठन के लिए बच्चों का शिक्षित होना और शिक्षित के साथ ही साथ तन और मन से स्वस्थ होना आवश्यक बताया। इसके लिए खेल सशक्त माध्यम है तीन दिवसीय इस आयोजन में संकुल के समस्त प्रधान पाठक व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्राम पंचायत हथमुडी के पंचायत प्रतिनिधि शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पालकों का विशेष सहयोग रहा। इस आयोजन में संकुल समन्वयक विष्णु प्रसाद चंद्राकर आदि से अंत तक अपनी अहम भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएं वहीं समापन दिवस में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खैलटुकरी के बालिकाओं ने प्रथम स्थान एवं खेल में घोरपेंड्री के बालक-बालिका चैंपियनशिप पर रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए भाजपा मंडल कुण्डा अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।

बाल कौशल प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर उनके मनोबल बढ़ाया गया एवं समस्त शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर चौहान एवं इंद्रजीत मंडलोई ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या आसपास क्षेत्र के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

## सारंगपुर खुर्द के रहवासी बुनियादी सुविधा से वंचित



- 500 मीटर कच्ची सड़क पर सफर करना मुश्किल, राहगीर व ग्रामीण परेशान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत जमुनिया की आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द के ग्रामीण व रहवासी बुनियादी सुविधाओं से वंचित नजर आ रहे है। बताया जाता है कि गांव के स्कूली छात्र छात्राएं कक्षा 8 वीं से 12वीं के छात्राओं को स्कूल आने जाने के लिए कच्ची मार्ग से सफर करना पड़ता है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सारंगपुर चौक से बांझीमहुआ प्रधानमंत्री सड़क से 500 मीटर कच्ची सड़क जर्जर व बदहाल होने के तथा जलभराव की स्थिति निर्मित होने से छात्र छात्राओं व ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि 500 मीटर सड़क कच्ची जगह-जगह गड्ढे व जल भराव होने से कच्ची सड़क कीचड़ से लथपथ तथा स्कूली छात्र छात्राएं व राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है। वही आने-जाने में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्राम सारंगपुर खुर्द के ग्रामीणों ने क्षेत्र के जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द 500 मीटर कच्ची सड़क की सुधार कार्य की मांग की गई ताकि स्कूली छात्र छात्राओं व राहगीरों को बुनियादी सुविधा मिल सकें।

## छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर अशोका पब्लिक विद्यालय में झलकी लोक संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की गौरवमयी संस्कृति, लोकधुनों की मधुर गूंज और नन्हें कलाकारों की झिलमिल प्रस्तुतियों से अशोका पब्लिक स्कूल परिषर झूम उठा। अवसर था छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस का जिसे विद्यालय परिवार ने मोर छत्तीसगढ़ मोर गर्व थीम के साथ अत्यंत हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय संचालक पवन देवांगन, श्रीमती सारिका देवांगन एवं प्राचार्य एसएल नापित द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं राज्य गीत से किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य सुआ नाच और पंथी नृत्य से किया गया। छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की स्वर लहरियों में जहां मातृभूमि का प्रेम झलका, वहीं छत्तीसगढ़ के इतिहास व वीर नायकों पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने सबको भाव-विभोर कर दिया। सांस्कृतिक झांकी में राज्य की पहचान धान, जंगल, जल और जनजातीय संस्कृति को जीवंत रूप में दर्शाया गया। विद्यार्थियों द्वारा निर्मित मॉडल एवं पोस्टर प्रदर्शन ने



राज्य की उपलब्धियों और जनजीवन की झलक पेश की। विद्यालय के संचालक पवन देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय परिवार ने मोर छत्तीसगढ़ मोर गर्व थीम रख राज्य की मूल अस्तित्व का परिचय बच्चों को कराना था। छत्तीसगढ़ सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि अद्भुत लोकसंस्कृति, मेहनत और आत्मगौरव का प्रतीक है। आज की पीढ़ी जब इन परंपराओं को आत्मसात करती है, तभी सच्चा स्थापना दिवस सार्थक होता है। उक्त समस्त जानकारी विद्यालय के मिडिया प्रभारी अशोक कुमार इतवाती द्वारा दी गई।

### भटरूसे में एकादशी उत्सव धूमधाम से मनाया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम भटरूसे में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी एकादशी का पर्व शनिवार को गौरी-गौरा उत्सव के साथ बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ बूढ़ा महादेव चौक पर विधि विधान से छत्तीसगढ़िया रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। बताया जाता है कि ग्राम की सुख, शांति व समृद्धि एवं खुशहाली लिए कामना करते हुए सुबह से गंगा स्नान के लिए नगर भ्रमण करते हुए माता पार्वती-शिव शंकर गौरा-गौरी निकाली गई। जहां ग्रामीणों द्वारा चौक-चौराहों में पूजा अर्चना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की भारी उमड़ी। जिसमें सरपंच संतोष मरावी, ईश्वर मरावी, अशोक, परदेसी मरकाम साथ-साथ समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थें।



HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### एसपी ने किया ग्रामीण बच्चों का उत्साहवर्धन

**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह थाना कुकदूर क्षेत्र अंतर्गत हायर सकेंडरी स्कूल कुकदूर में जाकर स्कूल में हो रहे कबड्डी प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल होकर विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया गया एवं उनके द्वारा भविष्य में पढ़ाई एवं करियर संबंधित निर्णय का मार्गदर्शन दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि किस प्रकार से केवल लक्ष्य निर्धारित करना ही महत्वपूर्ण नहीं होता है अपितु लक्ष्य के लिए निरंतर प्रयास करने का भी जीवन में बहुत महत्व है। बगैर मेहनत के हम लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा प्रतियोतगिता के अंत में खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पंडरिया भूपत सिंह, थाना प्रभारी पंडरिया नितिन कुमार तिवारी समस्त कुकदूर थाना स्टाफ, स्कूल के प्राचार्य रमेश पोर्ते एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

### जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया जारी

**कवर्धा।** विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान छत्तीसगढ़ में विगत एसआईआर की मतदाता सूची वर्ष 2003 को आधार मानकर जो मिलान किया गया है उसमें बीएलओ द्वारा वर्तमान में केवल अपने मतदान केंद्र के मतदाताओं का मिलान किया गया है जो कि 71 प्रतिशत के करीब है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, छत्तीसगढ़ के अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2003 के बाद से आज पर्यंत कई मतदाता अन्यत्र शिफ्ट हुए हैं, मतदान केन्द्रों का परिसीमन भी हुआ है। एन्यूमरेशन फेज में बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर सर्वे के दौरान यह मिलान प्रतिशत 10-15 प्रतिशत और बढ़ जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ की मतदाता सूची में लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं हैं। वर्ष 2003 के एसआईआर के बाद विवाहित महिलाएं अपने तत्कालीन मतदान केंद्र से अन्यत्र स्थानांतरित हुई हैं। बीएलओ द्वारा घर-घर एन्यूमरेशन फेज में 15 से 20 प्रतिशत और महिला मतदाताओं का मिलान किया जा सकेगा। इस प्रकार मिलान का कुल प्रतिशत 71 प्रतिशत से बढ़कर 94-95 प्रतिशत हो जाएगा और केवल शेष बचे मतदाताओं से ही दस्तावेज लेने की आवश्यकता होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के दौरान विभिन्न नवाचारों के माध्यम से मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

अग्नि दुर्घटना : मसक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू

# गन्ना के खेतों में लगी आग दस एकड़ फसल प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव खार में शनिवार देव उठनी एकादशी, गन्ना पूजा के रोज गन्ना खेत में अचानक आग लग गई। बताया जाता है कि गन्ना के जिस खेत में आग लगी थी उससे लगे दूसरे करीब सौ एकड़ में गन्ना की खफल लगी हुई है। लेकिन समय रहते आग पर काबू पानी के कारण आग करीब दस एकड़ में लगी फसल तक ही पहुंच पाई और ग्रामीणों ने उसे काबू में कर लिया। ग्रामीणों के मुताबिक इस अग्नि दुर्घटना से गांव के गन्ना उत्पादक किसानो को बैठे बैठाए अच्छा खासा नुकसान उठाना पड़ गया। प्रभावित किसानो ने शासन से उचित मुआवजा की मांग की है। इस संबंध स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर ग्राम कोलेगांव खार से लगे खेतों में स्थानीय ग्रामीणों की पकी पकाई गन्ना की फसल में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने जैसे ही गन्ना खेतों से धुंआ और आग की लपटें देखी हड़कंप मच गया और वे दौड़े भागे अपने खेतों में पहुंचे तथा अपने बूते आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। लेकिन तेज हवा के बीच गन्ना के सूखे पत्तों में आग ने तेजी से फैलते हुए करीब दस एकड़ में लगी गन्ना की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। काफी मसक्कत के बाद जैसे तैसे आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। ग्रामीणों ने बताया कि इस अग्नि दुर्घटना में गन्ना उत्पादक किसान कोमल की दो एकड़, चिंता की एक एकड़, गणेश की एक एकड़, दिलीप की एक एकड़, चैताराम की एक एकड़, पुन्नी राम की 60 डिस्मिल, नारायण राम की 40 डिस्मिल खेत में लगी गन्ना की फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। पप्रभावित किसानो ने अब शासन-प्रशासन से मौका मुआयाना कराकर प्रभावित किसानो को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

#### शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका



ग्रामीणों के मुताबिक गन्ना खेतों के ऊपर से हाई वोल्टेज विद्युत तार हुआ हैं। उन्होने आशंका जताई है कि तेज हवा के दौरान हाई वोल्टेज तार आपस में टकराए होंगे और शार्ट सर्किट की वजह से उठी चिंगारी गन्ना के सूखे पत्तों में गिरने के कारण आग भड़क गई होगी। ग्रामीणों ने इस बात की भी जानकारी दी की क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था ठीक नहीं रखरखाव के आभाव में हाई वोल्टेज विद्युत तार काफी नीचे झूल रहे हैं। अभी दो रोज पूर्व ही ग्राम बसनी में दो विद्युत पोल जमीदोज हो गए थे। किसानो ने खेतों के ऊपर से गुजरने वाले तारों को दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।

## वन भूमि में अवैध अतिक्रमण तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

वन विभाग कवर्धा द्वारा वन भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल के निर्देशन, उपवनमंडलाधिकारी पंडरिया सुयश धर दीवान के मार्गदर्शन एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी पंडरिया (पूर्व) महेन्द्र कुमार जोशी के कुशल नेतृत्व में वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) एवं पंडरिया (पश्चिम) के वन अमले द्वारा संपन्न की गई। वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) के अंतर्गत परिसर कोदवा के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 519 के वन क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमण के संबंध में ग्राम नागाडबरा, तहसील कुकदूर, जिला कबीरधाम निवासी सुखराम पिता फगलू जाति बैगा, बिरसू पिता फगलू जाति बैगा एवं मंगलू पिता लामू जाति बैगा के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20040/23 एवं 20040/24 दिनांक 17.08.2025 को पंजीबद्ध किया गया था। पूर्व में दर्ज प्रकरणों के आधार पर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत गत 31 अक्टूबर को आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, पंडरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.) के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपियों को 14 दिवस के न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। अतिक्रमणरोधी कार्यवाही में प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल देवनाथ सिंह सिदार, संतोष सिंह साकत, दिलीप कुमार चन्द्राकर, जोधन सिंह ठाकुर, वनपाल राम सिंह साहू, सुदर्शन साहू, गौरीशंकर साहू, श्रीराम गुप्ता, पुनाराम धुर्वे, जितेन्द्र चन्द्राकर, उमेश्वरी श्याम, श्रीमती सीमा टांडिया (वनरक्षक) तथा विभागीय दैनिक श्रमिकों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

## गंदगी व कूड़ा करकट से अटे पड़े नंदी चौक में कांग्रेसियों ने की साफ सफाई

### नंदी महराज का दुग्धाभिषेक कर की पूजा अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहे जाने वाले भोरमदेव पहुंच कवर्धा में स्थित नंदी चौक में कांग्रेस पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं ने राज्योत्सव के अवसर पर सफाई अभियान चलाते हुए नंदी महराज का दुग्धाभिषेक और पूजा-अर्चना की। नंदी जी भगवान शिव के प्रथम भक्त और उनके वाहन के रूप में पूजित हैं। हिंदू धर्म में नंदी केवल एक प्रतिमा नहीं, बल्कि श्रद्धा और अनुशासन के प्रतीक हैं जो शिव जी के संदेश शुद्धता और संयम का प्रतीक रूप हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि शहर के इस आस्था स्थल के चारों ओर गंदगी, शराब की बोतलें, डिस्पोज़ल, नमकीन के रैपर और पानी के पाउच बिखरे हुए मिलते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, शासन-प्रशासन की लापरवाही के कारण यह पवित्र स्थल उपेक्षा का शिकार है और यहां प्रतिदिन शराबियों का जमावड़ा देखा जाता है। इसी स्थिति से व्यथित होकर कांग्रेस पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सफाई अभियान की शुरुआत की। उन्होंने न केवल पूरे परिसर की सफाई की बल्कि श्रद्धाभाव से नंदी जी का दूध से अभिषेक और विधिवत पूजन भी किया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस के युवा प्रवक्ता विकास केशरी ने कहा कि नंदी जी भगवान शिव के वाहन और सबसे प्रिय भक्त हैं। जहां नंदी हैं, वहां शिव का वास माना जाता है। ऐसे पवित्र स्थल पर गंदगी और शराबियों का जमावड़ा होना समाज और प्रशासन दोनों के लिए शर्म की बात है। उन्होने कहा कि शासन-प्रशासन धार्मिक स्थलों की स्वच्छता पर गंभीर नहीं है। अगर प्रशासन अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करेगा, तो हम युवा अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए स्वयं आगे आएंगे। इस सफाई अभियान में एनएसयुआई अध्यक्ष विवेक जायसवाल, शहर सचिव निमेष चंद्रवंशी, एनएसयुआई उपाध्यक्ष गौरांश पाल, युकां शहर अध्यक्ष हेमंत ठाकुर, संयुक्त सचिव रोहन शर्मा, सतीश झरिया, अमन बर्वे, अनुराग साहू सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन की पहल नहीं, बल्कि समाज को संदेश देने की कोशिश है कि आस्था के स्थलों की स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है।

## बोड़ला क्षेत्र के दतीलहा मंदिर के पास 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र अंतर्गत दतिलहा मंदिर के पास शनिवार को एक 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी क्षेत्रवासियों द्वारा बोड़ला पुलिस को देने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक का याव बरामद कर लिया है। वहीं मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। हालांकि अभी तक इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है कि युवक ने किन हालातों और परिस्थितियों में आत्म हत्या जैसा घातक कदम उठाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत में उस समय सनसनी फैल गई जब कुछ लोगों ने दतिलहा मंदिर के पास एक युवक का शव फांसी के फेंदे में लटका हुआ देखा। डरे सहमे ग्रामीणों ने इसकी जानकारी तत्काल बोड़ला पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फंसी में लटका मृतक का शव बरामद कर उसकी पहचान विजय वर्मा आयु 22 वर्ष निवासी उसलापुर पुलिस चौकी पोड़ी के रूप में की गई। शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस का अनुमान है कि शव करीब तीन दिन पुराना है। शव पूरी तरह से सड़ चुका है। बहरहाल अब पुलिस इस बात की जानकारी जुटाने में लगी है कि युवक यहां कैसे पहुंचा और उसने किस कारण से आत्महत्या की।



### खपरी में मनाई गई आंवला नवमी



**कवर्धा।** ग्राम खपरी में आंवला नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर चंद्रवंशी पारा की महिलाओं ने आंवला पेड़ के पूजा अर्चना कर 108 फेरे लगाकर परिवार के सुख, समृद्धि की कामना की। पर्व के मौके पर सुबह से महिलाओं ने एकजुट और उत्साहित होकर आंवला पेड़ के नीचे विभिन्न प्रकार के पकवान बनाकर परिवार सहित भोजन किया। इस दौरान सरिता चंद्रवंशी ने एक कथा बताई और कहा की पौराणिक ग्रंथ के अनुसार आज ही के दिन लक्ष्मी माता आंवला पेड़ के नीचे भोजन बनाकर भगवान विष्णु और भगवान शिव को भोजन करवाया था। इसके बाद स्वयं भोजन किया था। इसी दिन से कार्तिक शुक्ल नवमी को आंवला नवमी या अक्षय नवमी के रूप में मनाया जाने लगा। आज के दिन गरीबों, आर्थिक रूप कमजोर व्यक्ति को वस्त्र, अन्न दान या जरूरतमंदों को जरूरत की सामग्री दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। अतः आज के दिन इस प्रकार नेक कार्य जरूर करना चाहिए। अंत में सभी महिलाओं ने भोजन कर बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि बोड़ला।** आकांक्षी विकासखंड बोड़ला के अंतर्गत गत दिनो कृत्रिम मधुमक्खी पालन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान थूहापानी ग्राम के ग्रामीणों को कृत्रिम मधुमक्खी पालन की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने बताया कि मधुमक्खी पालन से ग्रामीणों को अतिरिक्त आय के साथ-साथ प्राकृतिक परागण के माध्यम से कृषि उत्पादकता में भी वृद्धि होती है। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को व्यावहारिक रूप से मधुमक्खी पालन की विधि, उपकरणों का उपयोग तथा छत्तों की देखभाल के तरीके भी प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर डॉ. एनसी बंजारा, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र; डॉ. सीपी रहंगडाले, कृषि विज्ञान केन्द्र, गजेन्द कुमार चंद्रवंशी, वनक्षेत्रपाल; विरेन्द्र राजपूत, सहायक प्रबंधक, मयकुल मांडवी, वनपाल; एवं नरेंद्र राजपूत, बीट प्रभारी उपस्थित थे।

### वनांचल क्षेत्र बोड़ला में संचालित सरकारी एम्बुलेंस खुद बीमार



**बोड़ला।** जिले के चिल्फीघाट में एक एंबुलेंस के गैर बॉक्स में खराबी आने के कारण घाट में ही बंद पड़ गई। सरकार स्वास्थ्य विभाग को बेहतर बनाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है यहां तक की सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों की सुविधा के लिए एम्बुलेंस वाहन उपलब्ध करा रही है। लेकिन एम्बुलेंस खुद बीमार है। ऐसा ही हाल 108 एम्बुलेंस का भी है। बताया जा रहा है कि शनिवार को एम्बुलेंस मरीज को लेने के चिल्फी क्षेत्र जा रही थी इसी दौरान चिल्फी घाट पर अचानक एम्बुलेंस के गियर बॉक्स में खराबी आ गई और वाहन बंद हो गई। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि चिल्फी क्षेत्र की एम्बुलेंस काफी पुरानी हो चुकी है और आए दिन इसमें खराबी आते रहती है जिससे क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोगों ने शासन, प्रशासन तथा संबंधित विभाग से क्षेत्र की एम्बुलेंस व्यवस्था को दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।

देवउठनी एकादशी पर की गई गन्ना पूजा, बाजार में खूब बिके गन्ना

# अंचल में धूमधाम से रचाया गया तुलसी विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कवर्धा नगर सहित समूचे अंचल में शनिवार को देवउठनी एकादशी, तुलसी विवाह का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के मौके पर लोगों ने बकायदा अपने घरों के आंगन व छत की साफ-सफाई व लिपाई पुताई कर गन्ना का मण्डप सजाया और धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ तुलसी का विवाह रचाया। पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने इस दिन भी जमकर पटाखे फोड़े और खुशियां मनाई। परम्परा एवं मान्यता के अनुसार नाम के अनुसार देवउठनी एकादशी के रोज से देव उठ जाते हैं और इसी दिन से शुभ कार्यों की शुरुआत भी हो जाती है। देवउठनी एकादशी में मुख्य रूप से गन्ना का उपयोग मण्डप के लिए किए जाने के कारण बार में गन्ना की जमकर बिक्री हुई। गन्ना विक्रेताओं ने भी इस मौके का जमकर फायदा उठाते हुए 50 रूपए जोड़ी तक गन्ने बेंचे। इसके अलावा पर्व में उपयोगी चना भाजी, आंवला, सिंघाड़ा, सीताफल, बीही सहित अन्य सामग्रियों की भी जमकर बिक्री हुई। पर्व को लेकर बाजार में सुबह से लेकर शाम तक गहमागहमी देखने को मिली।

## पीएम श्री सेजेस बोड़ला के मॉडल राज्य स्तर में चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला




राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के अंतर्गत जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन गत 30 अक्टूबर 2025 को स्वामी करपात्री जी विद्यालय कवर्धा में किया गया। इस जोन स्तरीय प्रदर्शनी में बेमेतरा जिला और कबीरधाम जिला के विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह आयोजन विज्ञान प्रदर्शनी, प्रोजेक्ट, शिक्षक संगोष्ठी, प्रश्न मंच आदि विधाओं में हुआ। प्राचार्य अश्वनी कुमार सोनी ने बताया कि इसमें पीएमसी सेजेस बोड़ला के व्याख्याता रवि वर्मा, श्रीमती रीना पंडित और संजय चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में विद्यालय के विभिन्न मॉडल एवं प्रोजेक्ट राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए है। अपशिष्ट प्रबंधन में ओम कुमार प्रथम, हरित ऊर्जा में हेमलता प्रथम, स्वास्थ्य और स्वच्छ गांव में करण पटेल द्वितीय, नई-नई प्रौद्योगिकी में सतरूपा पटेल तृतीय, गणितीय मॉडलिंग में भूमिका साहू प्रथम, एकल प्रोजेक्ट में मौसमी चंद्रवंशी ने द्वितीय, टीम प्रोजेक्ट में सोनम साहू एवं भूमिका ने द्वितीय, अन्य विधा में खिलेश्वर ने तृतीय, मधु यादव ने प्रथम और विज्ञान क्विज में परमेश्वरी और खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य ने बताया कि लगातार हो रही सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए सोनम एवं भूमिका ने स्मार्ट हेलमेट का प्रोजेक्ट बनाया है। जिसमें बाइक तभी चालू होगा जब हेलमेट पहना जाएगा। यदि वाहन चलाने वाला हेलमेट नहीं पहने तब तक बाइक चालू नहीं होगी। साथ ही बहुत सी दुर्घटना वाहन को पीछे से टक्कर होने के कारण होती है उसको भी तो रोकने के लिए एक सेंसर लगाया गया है। जिसमें कार जितना नजदीक आते जाएगी उस कार की रप्तार अपने आप कम होते जाएगी। जिससे पीछे वाली कार टक्कर नहीं मार सकेगी। मौसमी चंद्रवंशी के द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट से बिजली से होने वाली दुर्घटना को रोका जा सकता है। बिजली के तार टूटने से, ओवर लोड और शॉर्ट सर्किट से जो दुर्घटना और जान, माल का नुकसान होता है उन सभी रोका जा सकता है। प्राचार्य अश्विनी सोनी ने इन सभी चयनित प्रतिभागियों को 15 नवंबर से होने वाली राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में सम्मिलित होने के लिए शुभकामनाएं दी।